Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com || दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवबंद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

मॉं महागौरी — नये भारत की नई सोच — शुभ नवरात्री

RNI NO. UPHIN/2018/76874

वर्ष: 6 अंक: 93 | शनिवार, 05 अप्रैल-2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## वक्फ बिल पारित होने पर बोले पीएम मोदी

# लंबे समय से हाशिये पर रहे लोगों को सहारा मिलेगा

**नई दिल्ली।**

वक्फ संशोधन बिल पर संसद की मुहर लग गई है। लोकसभा के बाद राज्यसभा में भी वक्फ संशोधन बिल 2025 पारित हो गया। अब इसको लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पहला रिएक्शन सामने आया है। पीएम मोदी ने ने इसे एतिहासिक क्षण बताया है।

वक्फ (संशोधन) विधेयक का संसद के दोनों सदनों से पारित होना सामाजिक-आर्थिक न्याय, पारदर्शिता और समावेशी विकास के लिए हमारे सामूहिक प्रयासों में एक महत्वपूर्ण क्षण है। पीएम मोदी ने आगे कहा-इससे खास तौर पर उन लोगों को मदद मिलेगी, जो लंबे समय से हाशिये पर रहे हैं और उन्हें आवाज और अवसर दोनों से वंचित रखा गया है। संसदीय और समिति चचाओं में भाग लेने वाले सभी सांसदों का आभार, जिन्होंने अपने विचार व्यक्त किए और इन कानूनों को मजबूत बनाने में योगदान दिया। संसदीय समिति को अपने बहुमूल्य सुझाव भेजने वाले अनगिनत लोगों का भी विशेष आभार। एक बार फिर, व्यापक बहस और संवाद के महत्व की पुष्टि हुई है। उन्होंने आगे लिखा, 'अब हम ऐसे युग में प्रवेश करेंगे जहां ढांचा अधिक आधुनिक और सामाजिक न्याय के प्रति संवेदनशील होगा। व्यापक रूप से हम प्रत्येक नागरिक की गरिमा को प्राथमिकता देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसी तरह हम एक मजबूत, अधिक समावेशी और अधिक दयालु भारत का निर्माण भी कर सकते हैं।'

**ये एतिहासिक क्षण है**



## अनंत अंबानी की आस्था की यात्रा



**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के निदेशक अनंत अंबानी अपने पैतृक गृहनगर जामनगर से द्वारका तक 170 किलोमीटर की पदयात्रा पर हैं। 29 मार्च को पदयात्रा शुरू करने के बाद से वे हर रोज लगभग 20 किलोमीटर की दूरी तय कर रहे हैं, जिसमें हर रात लगभग सात घंटे पैदल चलते हैं। इस दौरान वे हनुमान चालीसा, सुंदरकांड और देवी का पाठ भी कर रहे हैं। हमारे देश में पदयात्रा करना एक बेहद ही पुरानी परंपरा रही है, जो ईश्वर से जुड़ने का एक आध्यात्मिक तरीका माना जाता है। इसी परंपरा को निभाते हुए रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के निदेशक अनंत अंबानी ने भी एक ऐसी ही धार्मिक यात्रा शुरू की है। 29 साल के अनंत अंबानी ने 29 मार्च को जामनगर (गुजरात) से द्वारका तक की 170 किलोमीटर लंबी पदयात्रा शुरू की। यह यात्रा वे हर रात करीब सात घंटे में 20 किलोमीटर चलकर पूरी कर रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, अनंत अंबानी अपने 30वें जन्मदिन से एक दिन पहले आठ अप्रैल को द्वारका पहुंचेंगे।

## लखनऊ ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ बरकरार रखा अपना दबदबा



**लखनऊ।**

लखनऊ ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए मिचेल मार्श और एडेन मार्करम के अर्धशतकों के दम पर 20 ओवर में आठ विकेट पर 203 रन बनाए। मुंबई निर्धारित ओवर में पांच विकेट पर 191 रन ही बना सकी। लखनऊ सुपर जाएंट्स ने रोमांचक मुकाबले में मुंबई इंडियंस को 12 रनों से हराकर आईपीएल 2025 में अपनी दूसरी जीत दर्ज की। लखनऊ ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए मिचेल मार्श और एडेन मार्करम के अर्धशतकों के दम पर 20 ओवर में आठ विकेट पर 203 रन बनाए। जवाब में सूर्यकुमार यादव ने भी पचासा जड़ा लेकिन उनकी कोशिश बेकार गई और मुंबई निर्धारित ओवर में पांच विकेट पर 191 रन ही बना सकी। मुंबई के लिए सूर्यकुमार ने 43 गेंदों पर नौ चौकों और एक छक्के की मदद से 67 रन बनाए। लखनऊ का मुंबई इंडियंस के खिलाफ रिकॉर्ड शानदार है और उसने इस मैच में भी अपना दबदबा बरकरार रखा है। लखनऊ का मुंबई के खिलाफ अब जीत हार का रिकॉर्ड 6-1 हो गया है। लखनऊ ने आईपीएल 2025 में अब तक चार मुकाबले खेले हैं और उसे दो में हार और इतने ही मैच में जीत मिली है।

## वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के दूसरे चरण को मंजूरी सीमावर्ती गांवों को मिलेंगी कई सुविधाएं

**नई दिल्ली।**

सीमावर्ती गांवों में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के साथ पलायन रोकने और सीमा की सुरक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से शुरू किए गए वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के दूसरे चरण को कैबिनेट ने मंजूर किया है।

इस योजना के तहत बिहार, जम्मू-कश्मीर, पंजाब, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल समेत 15 राज्यों व दो केंद्र शासित प्रदेशों के चुनिंदा रणनीतिक गांवों में बारहमासी सड़क संपर्क, दूरसंचार संपर्क, टेलीविजन संपर्क और विद्युतीकरण का काम किया जाएगा। 2024-25 से 2028-29 के बीच इस योजना पर 6839 करोड़ रुपये खर्च किये जाएंगे। वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के दूसरे चरण के तहत चीन, पाकिस्तान, बांग्लादेश और म्यांमार से सटे सभी सीमावर्ती गांवों के कवर की योजना है।



## पीएम मोदी पहुंचे कोलंबो

**कोलंबो।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी श्रीलंका के साथ द्विपक्षीय संबंधों, खासकर ऊर्जा, व्यापार, संपर्क, डिजिटलीकरण और रक्षा क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर विचार-विमर्श के लिए शुक्रवार शाम तीन दिवसीय यात्रा पर कोलंबो पहुंचे। बरसते पानी के बावजूद मोदी का स्वागत करने के लिए श्रीलंका सरकार के छह शीर्ष मंत्री हवाई अड्डे पर आए हुए थे। इनमें विदेश मंत्री विजिता हेरात, स्वास्थ्य मंत्री नलिंदा जयतिसा, श्रम मंत्री अनिल जयंता और मत्स्य पालन मंत्री रामलिंगम चंद्रशेखर शामिल थे। प्रधानमंत्री बैंकाक की अपनी यात्रा पूरी करने के बाद श्रीलंका की राजधानी पहुंचे। पीएम मोदी शनिवार को राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके के साथ व्यापक मुद्दों पर बातचीत करेंगे। बैठक के दौरान भारत और श्रीलंका के बीच रक्षा, ऊर्जा सुरक्षा और डिजिटलीकरण के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर विचार-विमर्श किए जाने की उम्मीद है। सूत्रों ने बताया कि रक्षा सहयोग पर संधि समेत सात समझौतों को अंतिम रूप दिए जाने की संभावना है।



## नाम की सिकंदर रह गई सलमान की फिल्म



**नई दिल्ली।** सलमान खान की फिल्म सिकंदर को रिलीज हुए छह दिन हो गए, लेकिन फिल्म अब तक 100 करोड़ रुपये का कलेक्शन नहीं कर पाई है। ईद जैसे त्योहार पर रिलीज हुई सलमान जैसे सुपरस्टार की फिल्म जब इस तरह का कारोबार करे तो वाकई चिंताजनक है और फिल्म पर सवाल खड़ा होना भी लाजमी है। रिलीज के पहले शुक्रवार को फिल्म अब तक कुछ खास कलेक्शन नहीं कर पाई है। वहीं, दूसरी ओर इससे तीन दिन पहले रिलीज हुई पृथ्वीराज सुकुमारन की फिल्म सिकंदर की तुलना में ज्यादा अच्छा प्रदर्शन कर रही है।

## सिंह फेलोशिप कार्यक्रम', युवाओं को जोड़ने के लिए बनाया प्लान

**नई दिल्ली।**




कांग्रेस ने अपने आधार विस्तार के दूरगामी लक्ष्य के साथ ही गैर सियासी पृष्ठभूमि के प्रतिभाशाली पेशेवर लोगों के लिए राजनीति में आने का रास्ता खोलते हुए पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के नाम पर फेलोशिप कार्यक्रम शुरू करने की घोषणा की है। इस कार्यक्रम के तहत हर साल 50 मिड-करियर पेशेवरों को चुना जाएगा जो सीधे-सीधे कांग्रेस के शीर्षस्थ नेताओं के मार्गदर्शन में अपने-अपने विषयों पर काम करेंगे। कांग्रेस ने साफ कहा है कि यह फेलोशिप अल्पकालीन नहीं बल्कि पूर्णकालिक सियासत में पेशेवर लोगों के आने और राजनेता बनने का सीधा दरवाजा होगा। लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने इसकी शुरूआत किए जाने पर कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह फेलो कार्यक्रम के लिए मिड-करियर पेशेवरों से हमारा आह्वान है कि वे सार्वजनिक जीवन में कदम रखें। ईमानदारी से नेतृत्व करें और एक प्रगतिशील और समावेशी भारत के निर्माण में मदद करें। राहुल गांधी ने कहा कि अब समय आ गया है कि भारत के सबसे प्रतिभाशाली लोग अपनी शक्ति राजनीति में लाएं। कांग्रेस कार्यालय में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं पवन खेड़ा, प्रवीण चक्रवर्ती तथा के राजू की ओर से इसे आधिकारिक रूप से लॉन्च किए जाने के बाद राहुल गांधी ने अपने एक्स हैंडल से मनमोहन सिंह फेलोशिप के लिए बनाई गई वेबसाइट का लिंक आवेदन के लिए साझा भी किया।

### केंद्रीय मंत्री ने बताया ऐतिहासिक

## वक्फ विधेयक पर संसद ने बनाया नया कीर्तिमान, टूट गया 44 साल पुराना रिकॉर्ड



**नई दिल्ली।**

बजट सत्र के अंतिम दिन पक्ष-विपक्ष में भारी हंगामे के कारण सदन बाधित रहा और समय से पहले ही स्थगित करना पड़ा, लेकिन यह सत्र कई मायनों में कीर्तिमान बना दिया। दोनों सदनों में वक्फ संशोधन विधेयक पर बिना व्यवधान के स्वस्थ और सबसे लंबा विमर्श हुआ। राज्यसभा में 17 घंटे से ज्यादा और लोकसभा में 13 घंटे से ज्यादा चर्चा हुई, जो इतिहास है। इससे पहले किसी एक मुद्दे पर 1981 में 15 घंटे 51 मिनट की लंबी चर्चा का इतिहास है। सरकार का मानना है कि सत्र में सभी दलों के नेताओं ने नियमों एवं संवैधानिक परंपराओं का पालन करते हुए चर्चा में हिस्सा लिया, जो हमारे मजबूत लोकतंत्र का साक्षी है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला एवं राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने भी सत्र की सराहना की है। सत्र की समाप्ति के बाद केंद्रीय संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने प्रेस कान्फ्रेंस में बजट सत्र को ऐतिहासिक और लोकतंत्र के लिए बड़ी उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि राज्यसभा में 17 घंटे 2 मिनट तक चर्चा हुई, जो संसदीय इतिहास में सबसे लंबी रही। यह तीन अप्रैल की सुबह 11 बजे से चार अप्रैल को तड़के 4:02 बजे तक चली। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि इस सत्र की कार्य उत्पादकता लगभग 118 प्रतिशत रही और इस दौरान कुल 16 विधेयक पारित किए गए। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनकड़ ने ओम बिरला ने कहा कि बजट सत्र 31 जनवरी से चार अप्रैल तक चला। इस दौरान लोकसभा की 26 बैठकें हुईं, जो 160 घंटे 48 मिनट तक चलीं। जगदीप धनखड़ ने राज्यसभा के विमर्श को संवाद और साझा उद्देश्य के आईने में ऐतिहासिक करार देते हुए कहा कि यह सत्र विधायी उपलब्धियों और एकता की भावना के लिए याद किया जाएगा। सदस्यों ने जवाबदेही के साथ अपनी बातें रखीं। हंगामे के बीच कार्यवाही अनिश्चितकाल तक स्थगित कर दी गई।

### बजट पर चली 16 घंटे से अधिक चर्चा

राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा 17 घंटे 23 मिनट तक चली, जिसमें 173 सदस्यों ने भाग लिया। इसी तरह बजट पर सामान्य चर्चा भी 16 घंटे 13 मिनट चली, जिसमें 169 सदस्यों ने भाग लिया।

## टैरिफ वार के बीच ट्रंप ने किया नया एलान, फार्मा सेक्टर पर भी लगेगा टैक्स

**नई दिल्ली।**

पारस्परिक शुल्क की घोषणा के दौरान ट्रंप सरकार ने फार्मास्युटिकल्स को शुल्क के दायरे से बाहर रखा था, जिससे इस सेक्टर को राहत मिलती दिखी थी। लेकिन इसके एक दिन बाद ही ट्रंप ने कहा कि जल्द ही फार्मा और सेमिकंडक्टर सेक्टर पर भी शुल्क लगाए जाएंगे। इस पर फार्मा निर्यातकों का कहना है कि शुल्क लगने पर भी अमेरिका में भारत के फार्मा निर्यात में फिलहाल कोई कमी नहीं आएगी। इसका मुख्य असर यह होगा कि अमेरिका के लोग पहले की तुलना में अधिक महंगी दवाएं खरीदेंगे।

भारत, अमेरिका में मुख्य रूप से जेनेरिक दवाओं का निर्यात करता है। हालांकि ट्रंप के इस एलान के बाद शुक्रवार को सभी प्रमुख फार्मा कंपनियों के शेयर में 10 प्रतिशत तक की गिरावट देखी गई। इनमें अरविंदो, आईपीसीए लैब, लुपिन जैसी बड़ी कंपनियां शामिल हैं। वर्तमान में अमेरिका, भारत से निर्यात होने वाली दवाओं पर कोई शुल्क नहीं लेता है, जबकि भारत, अमेरिका से आने वाली दवाओं पर 10 प्रतिशत का शुल्क लेता है। निर्यातकों का कहना है कि ऐसे में भारत की दवाओं पर अमेरिका में शुल्क लगाया जाना वाजिब है। भारत का फार्मा निर्यात सालाना लगभग 30 अरब डालर है और इनमें से 10 अरब डॉलर का निर्यात अमेरिका में किया जाता है। भारत से अमेरिका में 90 प्रतिशत जेनेरिक दवाओं का निर्यात होता है। फार्मा निर्यातकों का कहना है कि अमेरिका जेनेरिक दवाओं का आयात तो करता है, लेकिन उत्पादन नहीं करता है। उत्पादन शुरू करने और पूरी सप्लाई चेन बनाने में पांच साल लग जाएंगे। एक समय अमेरिका जेनेरिक दवाओं का निमार्ता था, लेकिन अब वे कंपनियां बंद हो चुकी हैं। दूसरी बात यह है कि यूरोप के पास भी जेनेरिक दवाओं के उत्पादन की इतनी बड़ी क्षमता नहीं है कि एकदम से अमेरिका की जरूरत पूरी हो सके। इसलिए भारत का निर्यात प्रभावित नहीं होगा।



ट्रंप की घोषणा के मुताबिक, सेमिकंडक्टर पर अगर शुल्क लगाया जाता है तो ताइवान की कंपनियां भारत की जगह अमेरिका में जाकर चिप बनाने का काम कर सकती हैं। ताइवान दुनिया का सबसे बड़ा चिप निमार्ता देश है। अमेरिका में चिप बनाने पर उन्हें कोई शुल्क नहीं लगेगा और वे दुनिया के अन्य देशों में भी सप्लाई कर सकेंगे। कार्पेट निर्यातकों का कहना है कि अमेरिका की तरफ से भारत पर 26 प्रतिशत पारस्परिक शुल्क लगाए जाने से कार्पेट यानी कालीन का निर्यात प्रभावित होगा।

## संपादक की कलम से

# दिल्ली दूर किसने की

राजनीतिक मंतव्य की तलाशी में प्रदेश अपने भविष्य से मुखातिब और फर्ज की दहलीज पर कहानी अब चरित्र खोज रही। हिमाचल के लोकनिर्माण मंत्री विक्रमादित्य ने मंडी की सांसद कंगणा रनौत से उसकी गैरहाजिरी का कारण पूछ लिया है। उन घोषणाओं व वादों का पता पूछ लिया है, जो चुनाव को परिभाषित कर रहे थे। यह एक राजनीतिक बयान हो सकता है, लेकिन जनप्रतिनिधियों के कर्म पर व्याख्या तो हो ही जाती है। संसद में खड़ी प्रश्नावली में हिमाचल के कितने सवाल रसीद हुए यह हिसाब सांसदों की पहचान और जिम्मेदारी का सबूत है। बेशक इस बार डा. राजीव भारद्वाज, इंदु गोस्वामी व डा. सिकंदर कुमार द्वारा पूछे गए प्रश्नों में उभरते संकल्पों के सारथी बने अनुराग ठाकुर की छाप दिखाई देती है। ऐसे में मंडी की सांसद के परिचय में उनका ग्लैमर तो चलता है, मगर संसदीय क्षेत्र में भाजपा से उम्मीदें इंतजार कर रही हैं। उम्मीदें राज्य से हर संसदीय क्षेत्र तक हैं, इसलिए केंद्रीय सहायता से अगर परियोजनाएं सफर पर निकलती हैं तो जिक्र दिल्ली से भी आता है।



ललित शर्मा
संपादक

हिमाचल के आर्थिक विकास के पन्नों पर यह खींचतान सही है कि हमारे मुकद्दमे की पैरवी कहां कितनी हुई। लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह बताते हैं कि सडक निर्माण के लिए 267 करोड़ पर कैसे-कैसे मेहरबां हुए नितिन गडकरी, दूसरी ओर अनुराग ठाकुर ने केंद्रीय सहायता की मोमबत्तियां जलाते हुए 21 पुलों के निर्माण के 309 करोड़ का खाका रोशन किया है। यानी यहां हर इंच पर पैमाइश है, तो चल के देख तेरे कदम कितने आगे निकले। हिमाचल के बजट में केंद्र की परछाई और केंद्रीय बजट में हिमाचल की रहनुमाई किस तरह हो रही, यह अब नए दौर की सियासत है, सारे वक्त को मापना पड़ेगा। इसलिए मंडी की सरहद पर सांसद को चुनौती दी जा रही है। अब अगर सांसद महोतरमा इन सुरों को सुन लें, तो कई हरित पट्टियां उभर आएंगी। पूर्व भाजपा सरकार के कई वादे और इरादे मंडी संसदीय क्षेत्र की परिक्रमा कर रहे हैं, तो सवालों के दरख्त के नीचे केंद्र की छांव ढूंढी जा सकती है। बहरहाल यही तफतीश हर जनप्रतिनिधि से जनता की अपेक्षाएं कर रही हैं। देश के संघीय ढांचे में प्रादेशिक मापदंड अगर सुरक्षित करने हैं तो हिमाचल की दोपहर-हिमाचल की सांझ के बीच वैमनस्य खत्म करना होगा। बजट सत्र के दौरान केंद्र में हिमाचल की कितनी खिड़कियां खोल पाए हिमाचल के सांसद, यह हिसाब प्रदेश के बजट से कहीं अधिक महत्त्वपूर्ण है। बेशक 11 केंद्रीय योजनाओं का पैसा बैंक खाते में आएगा या प्रोत्साहन राशि के रूप में प्रदेश के प्रदर्शन को चार सौ करोड़ का संबल मिल जाएगा, लेकिन पर्वतीय राज्य की आत्मनिर्भरता के सवाल पर क्या कोई आश्वासन मिलेगा। केंद्र से अपने राज्य की पुकार करें या फरियाद, इसके कई उदाहरण मिल जाएंगे, मगर यहां कुशीनगर के सांसद विजय कुमार दुबे के प्रयास कम से कम कांगड़ा-चंबा के सांसद राजीव भारद्वाज को रेखांकित कर लेने चाहिएं। कुशी नगर में 2021 को अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था, लेकिन यहां से सीधा आपरेशन शुरू नहीं हो पाया। इस संदर्भ में सांसद ने न केवल उड्डयन मंत्री किंजरपु राम मोहन नायडु के पास बार-बार दस्तक दी, बल्कि संसदीय चर्चा में उनका विषय छाया रहा, लेकिन कांगड़ा एयरपोर्ट विस्तार की पैमाइश में दिल्ली दूर किनकी वजह से हो रही। कांगड़ा एयरपोर्ट में 7 उड़ाने आ रही हैं, जो आने वाले समय में दर्जन भर हो जाएंगी, लेकिन इस सफर के साक्षी वे सांसद नहीं जो वर्ष में अपनी अधिकृत उड़ानों का फायदा यहां से उठाते हैं।

## संजीव ठाकुर



### चुप्पी को खामोशी से सुना करो

कविता

दर्द मुस्कुराहट में छुपा लिया करो,
इश्क को आंखों से बयां किया करो।

मोहब्बत छुपाए छुपाए नहीं छुपती,
सरे राह मेरा नाम बता दिया करो।

रुबरू होने की खुशियां चंद लम्हों की,
जुदाई के पलों को भुला दिया करो।

सन्नाटे का शोर है इस भरी भीड़ में,
चुप्पी को खामोशी से सुना करो।

यौवन नया तुम्हारा पर्दे में रहा करो
अंगड़ाई अकेले में लिया किया करो।

दुनिया मेरी लुट गई तो क्या करें,
लंबी उम्र की ना दुआ किया करो।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी.टी रोड, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# नवरात्रि का आठवां दिन : महागौरी माता की पूजा

## इस मुहूर्त में करें महागौरी माता की पूजा, जीवन के सभी कष्ट होंगे दूर!

हिन्दू धर्म में नवरात्रि के आठवें दिन महागौरी माता की पूजा का महत्व है। महागौरी माता नवदुगाओं में से आठवीं देवी मानी जाती है। इनकी पूजा करने से लोगों के जीवन में सुख-शांति और समृद्धि आती है। नवरात्रि के आठवें दिन मां महागौरी की विशेष पूजा का विधान है। महागौरी माता भगवान शिव की अर्धांगिनी हैं। शिव और शक्ति का मिलन ही संपूर्णता है। यह माना जाता है कि महागौरी माता की पूजा करने से जीवन के सभी कष्ट दूर हो जाते हैं और माता की कृपा से व्यक्ति को सुख, शांति और समृद्धि प्राप्त होती है। इसके अलावा कुंवारी कन्याएं महागौरी माता की पूजा करके मनचाहा वर प्राप्त कर सकती हैं।

### शुभ तिथि और मुहूर्त

- पंचांग के अनुसार, नवरात्रि की अष्टमी तिथि 10 अक्टूबर दिन गुरुवार को दोपहर 12 बजकर 31 मिनट पर शुरू होगी और 11 अक्टूबर, दिन शुक्रवार को दोपहर 12 बजकर 6 मिनट पर समाप्त होगी। इस दिन महागौरी माता की पूजा के लिए शुभ समय सुबह 6 बजकर 20 मिनट से सुबह 7 बजकर 47 मिनट रहेगा। अमृत काल में सबसे शुभ मुहूर्त सुबह 9 बजकर 14 मिनट से 10 बजकर 41 मिनट तक रहेगा।



### व्रत का महत्व

शिवपुराण के अनुसार, महागौरी को आठ साल की उम्र में ही अपने पूर्व जन्म की घटनाओं का आभास होने लगा था। उन्होंने इसी उम्र से ही भगवान शिव को अपना पति मान लिया था और शिव को पति रूप में पाने के लिए तपस्या भी शुरू कर दी थी। इसलिए अष्टमी तिथि को महागौरी के पूजन का विधान है। इस दिन दुर्गा सप्तशती के मध्यम चरित्र का पाठ करना विशेष फलदायी होता है। जो लोग 9 दिन का व्रत नहीं रख पाते हैं, वे पहले और आठवें दिन का व्रत कर पूरे 9 दिन का फल प्राप्त कर सकते हैं।

### इस मंत्र का करें जाप

ॐ देवी महागौर्यै नम:
श्वेते वृषे समारूढा श्वेताम्बराधरा शुचि:।
महागौरी शुभं दद्यान्महादेवप्रमोददा।।
या देवी सर्वभूतेषु मां गौरी रूपेण संस्थिता।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नम:।।

### माता महागौरी पूजा का महत्व

माता महागौरी का स्वरूप दुर्गा माता के नौ रूपों में अष्टमी के दिन महागौरी की पूजा की जाती है। महागौरी माता पार्वती का दिव्य रूप मानी जाती हैं, जिनका रंग बहुत गौर है। उनके सफेद वस्त्र और आभूषण के कारण उन्हें श्वेताम्बरधरा कहा जाता है। उनकी चार भुजाएं हैं, जिनमें से एक में अभय मुद्रा और दूसरे में त्रिशूल है। उनके बाएं हाथ में डमरू और वर मुद्रा है। उनका वाहन वृषभ (बैल) है, इसलिए उन्हें वृषारूढ़ा भी कहा जाता है। महागौरी को प्रसन्न करने के लिए भक्तजन इस दिन व्रत रखते हैं और पूजा में उनका ध्यान करते हैं। महागौरी के मंत्र का उच्चारण भी शुभ माना जाता है। इस दिन देवी महागौरी की पूजा करके लोग उनकी कृपा प्राप्त करते हैं और जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की कामना करते हैं।

### मां महागौरी पूजा विधि

- नवरात्रि का आठवें दिन पूजा से पहले स्नान करके स्वच्छ कपड़े धारण करें।
- पूजा से पहले घर को साफ–सुथरा कर लें और एक चौकी पर माता महागौरी की प्रतिमा स्थापित करें।
- मंदिर को फूलों और दीपक से सजाएं और माता को धूप, दीप, फूल, फल, मिठाई, चंदन, रोली, अक्षत आदि अर्पित करें।
- महागौरी माता को प्रसन्न करने के लिए विशेष मंत्रों का जाप करें।
- पूजा के अंत में आरती करें और व्रत कथा का पाठ करें।
- पूजा खत्म होने के बाद गरीबों और जरूरतमंदों को प्रसाद और दान अवश्य दें।

### मां कालरात्रि की आरती

- **माता महागौरी कथा :** देवीभागवत पुराण के अनुसार, देवी पार्वती अपनी तपस्या के दौरान केवल कंदमूल फल और पत्तों का आहार करती थीं। बाद में माता केवल वायु पीकर ही तप करना आरंभ कर दिया था। तपस्या से माता पार्वती को महान गौरव प्राप्त हुआ है और इससे उनका नाम महागौरी पड़ा। माता की तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उनको गंगा में स्नान करने के लिए कहा। जिस समय माता पार्वती गंगा में स्नान करने गईं, तब देवी का एक स्वरूप श्याम वर्ण के साथ प्रकट हुईं, जो कौशिकी कहलाईं और एक स्वरूप उज्जवल चंद्र के समान प्रकट हुआ, जो महागौरी कहलाईं। मां गौरी अपने हर भक्त का कल्याण करती हैं और उनको सभी समस्याओं से मुक्ति दिलाती हैं।
- **ऐसा है मां का स्वरूप :** देवीभागवत पुराण के अनुसार, महागौरी का वर्ण रूप से गौर अर्थात सफेद हैं और इनके वस्त्र व आभूषण भी सफेद रंग के ही हैं। मां का वाहन वृषभ अर्थात बैल है, जो भगवान शिव का भी वाहन है। मां का दाहिना हाथ अभयमुद्रा में है और नीचे वाले हाथ में दुर्गा शक्ति का प्रतीक त्रिशुल है। महागौरी के ऊपर वाले हाथ में शिव का प्रतिक डमरू है। डमरू धारण करने के कारण मां को शिवा के नाम से भी जाना जाता है। मां का नीचे वाला हाथ अपने भक्तों को अभय देता हुआ वरमुद्रा में हैं और मां शांत मुद्रा में दृष्टिगत है। देवी के इस रूप की प्रार्थना करते हुए देव और ऋषिगण कहते हैं कि–

सर्वमंगल मंग्ल्ये, शिवे सर्वार्थ साधिके। शरण्ये त्र्यम्बके गौरि नारायणि नमोस्तुते।।

मां महागौरी अपने भक्तों के लिए अन्नपूर्णा स्वरूप हैं। यह धन वैभव और सुख–शांति की अधिष्ठात्री देवी हैं। सांसारिक रूप में इनका स्वरूप बहुत ही उज्जवल कोमल, श्वेतवर्ण और श्वेत वस्त्रधारी है। देवी महागौरी को गायन–संगीत प्रिय है और यह सफेद वृषभ यानी बैल पर सवार हैं। इन दिन कन्या पूजन का भी विधान है। कुछ लोग नवमी के दिन भी कन्या पूजन करते हैं, लेकिन अष्टमी के दिन कन्या पूजना करना श्रेष्ठ रहता है। कन्याओं की संख्या 9 हो, तो अति उत्तम है, नहीं तो दो कन्याओं के साथ भी पूजा की जा सकती है। अष्टमी तिथि के दिन माता को नारियल का भोग लगाने की परंपरा है। भोग लगाने के बाद नारियल प्रसाद के रूप में बांट दिया जाता है।

## चैत्र-नवरात्र रामनवमीं विशेषांक

# एक अनुपम नैसर्गिक बेला में जन्मा बालक : राम



टीकेश्वर सिन्हा 'गब्दीवाला'

एक अनुपम महाशक्ति की आराधना का पर्व है चैत्र-नवरात्र। नवरात्र अर्थात नवरात्रि या नौरात्रि अक्षरशः सार्थकता की दृष्टि से नव और रात्रि से एक सुखद शब्द-संरचना है, जिसमें 'नव' एक विशेषण शब्द का परिचायक है; सो नव स्वयं नया, नवल, नवीन, नूतन जैसे पर्याय निहित शब्द है। इसी तरह 'नौ' एक संख्यात्मक सर्वनाम को भी इंगित करता है। यानी दोनों दृष्टिकोण से रात्रि के पूर्व 'नव' उपसर्ग जुड़कर एक नये शब्द का निर्माण होता है। इसी तरह सामासिक नजरिये से नवरात्रि 'नौ रात्रियों का समूह' के रूप में अपना यथोचित अर्थ बनाये रखता है। अतएव न केवल इन नव रात्रियों में, अपितु नव दिवसों में भी समस्त वसुंधरा नव भक्ति, शक्ति, श्रद्धा, आस्था, विश्वास जैसे नव अमृत तत्वों से भरी रहती है। चैत्र-मधुमास के शीतोष्ण वातावरण का प्रभाव सकल जीव-प्राणियों में तो दिखता ही है, साथ ही; समस्त मूर्तरूप वस्तुओं पर भी एक नवल सौंदर्य बिखरता है।

नवरात्रि विशेष का जिक्र करते हुए मुझे एक त्रेतायुगीन सरल-सहज, शांतप्रिय व मर्यादित पुरुषत्व के स्वामी श्रीरामचन्द्र जी का स्मरण हो रहा है, जिनके अवतरण दिवस को श्रीराम नवमी के रूप में मनाया जाता है। श्रीराम का सम्बंध समस्त आर्यावर्त के उत्तर कोशल भूखंड से है। श्रीराम मुखरित होते ही अयोध्यापति चक्रवर्ती सम्राट दशरथ का जिक्र करना मेरे लिए लाजिमी है। महाराज दशरथ अपनी तीन रानियों- कौशल्या, कैकेई और सुमित्रा के होते हुए भी निःसंतान थे; और निःसंतान होने का दुःख घायल की गति घायल जानने वाली बात होती है। परन्तु दुःख के साथ सुख की अनुभूति हर मनुष्य के जीवन के हिस्से में होती है। सो, बहुप्रतीक्षित अवधि ही सही, पर महाराज दशरथ के भवन में राम के रूप में एक बालक का जन्म हुआ। दशरथ-भवन में ही क्या; सकल भुवन में ही बालक राम का शुभागमन हुआ, कहना ही सर्वोपरि है। यहाँ पर मैं एक मानव जीवन को ही अपने लेखकीय केंद्रबिंदु लेकर बालक राम के जन्म का जिक्र करना चाहूँगा। किसी शिशु की जन्म-अवधि उस शिशु के सम्पूर्ण जीवन के लिए अति महत्वपूर्ण होती है। एक विशेष खगोलीय अवस्था शिशु जन्म के लिए बहुत अर्थपूर्ण होती है। अब राम के जन्म को ही लें, विदाई बेला की वसंतऋतु, चैत्रमास, शुक्ल पक्ष, नवमी तिथि, शुक्रवार, मध्यदिवस, अहा ! कितना सुंदर व सुखद वातावरण। और इसीलिए राम-जन्मकाल होने के कारण चैत्र नवरात्रि का महत्व और बढ़ जाता है।





'किलकारी गूँजी नवजात की,
गूँज उठा संसार।
तुलसी तक लहराई आज,
दीप जला द्वार द्वार।'

जाहिर है, ऐसे विशिष्ट कालखंड में जन्मा बालक साधारण हो ही नहीं सकता। साथ ही, एक बात भी बहुत ही महत्वपूर्ण है कि बालक राम का जन्म अयोध्या नरेश दशरथ के लिए पुत्र व प्रजा के लिए भावी राजा ही नहीं, वरन् सारे जगत लिए सर्वोपरि सामाजिक आवश्यकता थी। अपने अनुजों के साथ क्रीडा करते हुए श्याम वर्ण बालक राम की किलाकारी से राजमहल गुंजायमान होता था। उसकी निराली छवि से राजमहल सुशोभित होता था। ज्येष्ठ भ्राता होने के नाते राम में सदैव ज्येष्ठ भ्रातृत्व भी कायम रहा। उसने अपना बड़प्पन बनाये रखा। राम में बालपन से ही मानवीय गुणों की अपार संभावनाएँ थीं। राम में सेवा-प्रेम, स्नेह, बंधुता व एकता की भावना रही ही, साथ ही साथ उसका हृदय अन्य जीव-जंतुओं के लिए भी सदैव स्वागतेय स्थल बना रहा। राम व काग के क्रीड़ा-प्रसंग में इसका जिक्र है।

'कनक कलेवर कांतिमय,
सजी अवध की खोर-गली।
प्रस्तरों खंडों में बिखरी छवि,
मुस्कान भरी कली-कली।'

**गुरु की महत्ता और राम :**

किशोरावस्था में भी राम की लोकप्रियता बनी रही। यद्यपि राम एक क्षत्रिय वर्ण चक्रवर्ती नरेश का युवराज था, पर उसका अधिकांश समय राजमहल व राजदरबारियों के सानिध्य में बीतता रहा, पर उसका जुड़ाव जनसाधारण से पृथक नहीं हो सका। राम साधारण होते हुए भी एक असाधारण बालक था। इसी तरह राम का अपने अनुजों के साथ गुरुकुल में रहकर अपने गुरु महर्षि वशिष्ठ का स्नेही बन कर विद्या ग्रहण करना प्रासंगिक बन पड़ा। विद्या ग्रहण हेतु एकांत, एकाग्रता, लगन व समर्पण की आवश्यकता राम का एक सांसारिक संदेश ही है। राम ने न केवल विद्यार्थी जीवन में ही, अपितु जीवन पर्यन्त गुरु की महत्ता को कारगर बताया।

# सबसे महत्वपूर्ण और लोकप्रिय विज्ञान पत्रिकाएँ विजय गर्ग

यदि आप विज्ञान के साथ एक आकर्षण है और कैसे ब्रह्मांड काम करता है के साथ पेचीदा हैं, तो आप इस आकर्षण ईंधन और वैज्ञानिक ज्ञान के अपने दायरे का विस्तार करने के तरीके खोजने के लिए देखना चाहिए । अब, हम जानते हैं कि इंटरनेट आपको 'वैज्ञानिक जानकारी' के भार तक पहुंच प्रदान करता है जिसे आप एक साधारण गूगल खोज के साथ एक्सेस कर सकते हैं। हालांकि, हमें यह बताना चाहिए कि इन दावों का बैकअप लेने के लिए वैज्ञानिक अनुसंधान और स्थापित प्रयोगों के बिना इस 'वैज्ञानिक जानकारी' का एक बहुत कुछ उपलब्ध कराया गया है। यही कारण है कि केवल प्रतिष्ठित और भरोसेमंद संस्थानों, व्यक्तियों और प्रयोगशालाओं द्वारा किए गए वैज्ञानिक डेटा और अनुसंधान पर भरोसा करना आवश्यक है। दुनिया भर से नवीनतम वैज्ञानिक घटनाओं के साथ अपने आप को अद्यतित रखने का सबसे अच्छा तरीका विश्वसनीय वैज्ञानिक जानकारी के भरोसेमंद स्त्रोत में टैप करना है। हमने शीर्ष 10 सबसे महत्वपूर्ण और लोकप्रिय वैज्ञानिक पत्रिकाओं की एक सूची एक साथ रखी है जो आपको नवीनतम खोजों, आविष्कारों, प्रयोगों और निष्कर्षों तक पहुंच प्रदान करेगी। इन पत्रिकाओं का आनंद कौन लेगा? हमारी शीर्ष 10 सूची में छपी पत्रिकाएँ लंबे समय से हैं और वैश्विक वैज्ञानिक समुदाय द्वारा व्यापक रूप से सम्मानित की जाती हैं। चाहे आप सिर्फ उत्सुक हों और विज्ञान के बारे में अधिक जानना चाहते हों या क्या आप बनाने में वैज्ञानिक हैं, ये पत्रिकाएं आपको विशेषज्ञ जानकारी, सलाह और आंकड़े प्रदान करेंगी जो विज्ञान के आपके ज्ञान को एक नए स्तर पर ले जाएंगी। हमारी शीर्ष 10 सबसे महत्वपूर्ण और लोकप्रिय विज्ञान पत्रिकाओं को महत्व के क्रम में स्थान दिया गया है। शॉर्टलिस्ट बनाने के लिए हम जिन मानदंडों का उपयोग करते थे, उनमें से कुछ वैश्विक वैज्ञानिक समुदाय में उनकी प्रतिष्ठा, उनके आसपास की संख्या, उनके सोशल मीडिया निम्नलिखित, वैज्ञानिक सामग्री की गुंजाइश और गुणवत्ता और वैश्विक अपील शामिल हैं। नेशनल ज्योग्राफिक नेशनल ज्योग्राफिक टीवी चैनल में दुनिया भर के लाखों दर्शक हैं जो पर्यावरण विज्ञान को कवर करने वाले कुछ सबसे मंत्रमुग्ध करने वाले कार्यक्रमों को देखने के लिए दैनिक आधार पर ट्यून करते हैं और उन सभी की खोज जो पुराने और नए दोनों हैं। नेशनल ज्योग्राफिक टीवी चैनल की लोकप्रियता ने निश्चित रूप से नेशनल ज्योग्राफिक पत्रिका की लोकप्रियता को बढ़ाने में मदद की है और यह एक कारण है कि हमारे पास यह पहली बार हमारी सूची में है।



विजय गर्ग

पत्रिका सामग्री भारी नहीं है और इसलिए केवल विज्ञान में आने वालों के लिए एकदम सही है। नेशनल ज्योग्राफिक ज्यादातर प्राकृतिक विज्ञानों पर ध्यान केंद्रित करता है और हम जिस दुनिया में रहते हैं, उसके बारे में शानदार तस्वीरें और जानकारी प्रदान करता है, अंतरिक्ष, जानवर और आविष्कार। यह पत्रिका प्रिंट और डिजिटल रूप दोनों में उपलब्ध है और इसे सभी उम्र तक पढ़ा जा सकता है। पत्रिका मासिक आधार पर जारी की जाती है और इसमें सदस्यता शुल्क होता है।

यदि आप अपने बच्चों या भव्य बच्चों को विज्ञान में रुचि लेना चाहते हैं, तो ऐसा करने का एक शानदार तरीका उन्हें उपहार के रूप में राष्ट्रीय भौगोलिक पत्रिका सदस्यता देना है।

पत्रिका की खोज करें यदि आप वैज्ञानिक ज्ञान और तथ्यों के साथ थोड़ा भारी होना चाहते हैं, तो अगला कदम निश्चित रूप से डिस्कवर पत्रिका है। यह पत्रिका 1980 के दशक से आसपास है और सभी आधारों को कवर करने के लिए सभी विभिन्न विज्ञानों पर केंद्रित है। विभिन्न पत्रिका संस्करण विभिन्न वैज्ञानिक विषयों के लिए समर्पित हैं जो गणित और भौतिकी, चिकित्सा और स्वास्थ्य, विकास, जीवन विज्ञान, आविष्कार और स्थान से लेकर हैं। डिस्कवर पत्रिका सभी उम्र के लिए है और डिजिटल और प्रिंट फॉर्म दोनों में उपलब्ध है। हमारी राय में यह पत्रिका युवा वयस्कों और उससे अधिक के लिए सबसे अनुकूल है क्योंकि सामग्री भारी है। यदि आप किसी विशेष विषय पर शोध कर रहे हैं या सिर्फ अपने वैज्ञानिक ज्ञान का विस्तार करना चाहते हैं, तो आपको डिस्कवर की सदस्यता प्राप्त करने के बारे में सोचना चाहिए। यदि आप निश्चित नहीं हैं कि डिस्कवर की सदस्यता लें या नहीं, तो आप डिस्कवर वेबसाइट की जांच कर सकते हैं और भौतिक विज्ञान, प्राकृतिक विज्ञान और पर्यावरण विज्ञान को कवर करने वाले कुछ मुफ्त लेख पढ़ सकते हैं। वेबसाइट पर गहराई से और अच्छी तरह से शोध किए गए लेख भी मौजूद हैं लेकिन उन्हें हर दो सप्ताह में जारी किया जाता है। आप इन लेखों के साथ अपनी वैज्ञानिक भूख को मिटा सकते हैं और फिर तय कर सकते हैं कि क्या आप डिस्कवर की सदस्यता लेना चाहते हैं। लोकप्रिय विज्ञान सूची में होना चाहिए क्योंकि यह सबसे पुरानी वैज्ञानिक पत्रिकाओं में से एक है जो अभी भी मजबूत हो रही है। लोकप्रिय विज्ञान 1872 से लगभग है और पिछले 148 वर्षों में काफी विकसित हुआ है। इस पत्रिका में एक महिला निम्नलिखित की तुलना में एक बड़ा पुरुष है और इसका एक कारण इस तथ्य के कारण है कि पत्रिका प्रौद्योगिकी, गैजेट्स, कारों और ऊक वस्तुओं पर बहुत ध्यान केंद्रित करती है। जबकि ये विषय प्रमुख हैं।

# मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चौखुटिया पहुंच मॉ अग्नेरी देवी मंदिर में की पूजा अर्चना

**वेलकम इंडिया**




**रानीखेत ,देहरादून,** प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वाराहाट विधानसभा के चौखुटिया में मां अग्नेरी देवी के ऐतिहासिक मंदिर प्रांगण में आयोजित चैत्रअष्टमी मेले में पहुंचे ।यहां पहुंचकर पहले मेला कमेटी और भाजपा कार्यकताओं ने मुख्यमंत्री का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

यहां लगे विभागीय स्टालों का निरीक्षण किया ।जहां मां अग्नेरी मैया का आशीर्वाद लिया तथा पूजा अर्चना कर प्रदेश वासियों की सुख समृद्धि की कामना की। उन्होंने नवरात्रि एवं राम नवमी पर्व की सभी लोगों को बचाई एवं शुभकामनाएं दी।इसके बाद श्री धामी चैत्र अष्टमी मेला में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे। मुख्यमंत्री धामी ने कत्यूर वंश की कुलदेवी एवं गैवाड़ क्षेत्र की रक्षक मॉ अगनेरी को पहले शीश झुकाकर नमन किया। उन्होंने कहा कि यह मेला केवल धार्मिक अनुष्ठानों तक सीमित नहीं है बल्कि हमारी लोककला, संस्कृति और और हमारी परम्पराओं को संजोने के साथ ही सामाजिक कुरीतियों के प्रति जन जागृति फैलाने का एक सशक्त मंच बन चुका है।यह अपने आप में अनूठी बात है। मेले में कुमाऊ, गढ़वाल के लोकगीतों और लोक कलाओं के अद्भुत प्रदर्शन के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण, बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं, खेती बचाओं, नशा उन्मूलन जैसे महत्वपूर्ण नाटक और झॉकियों द्वारा स्थानीय परम्परा सँस्कृति का प्रचार प्रसार किया जाता है ।मुख्यमंत्री ने अपने सम्बोधन में सरकार के द्वारा किए गए ऐतिहासिक कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राज्य में सबसे पहले यूसीसी कानून बनाने का गौरव उत्तराखण्ड राज्य को मिला है ।देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में उत्तराखण्ड सरकार अनेक नवाचारों को आगे बढ़ा रही है।प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना में इस क्षेत्र की 28 सड़के स्वीकृत हुई है जो आने वाले समय में विकास के लिए मील का पत्थर साबित होंगी ।उन्होंने कहा कि जहां एक ओर हमारी सरकार सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों तक सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य व पेयजल जैसी महत्वपूर्ण कार्यों को लगातार आगे बढ़ा रही है वहीं दूसरी ओर धार्मिक संस्कृति को बढ़ाने में लगातार कार्य किए जा रहें हैं। चारधाम के अन्दर विकास के नये आयाम स्थापित किय जा रहे है तथा मानसखण्ड मन्दिरमाला मिशन के तहत एक सर्किट बनाकर उनका नव निर्माण एवं पुनःनिर्माण किया जा रहा है। आने वाले समय में भैरवनाथ मन्दिर नवागाड़ी, भैरव मन्दिर पाण्डुखाल, मॉ नन्दादेवी कोटियाताल को भी धार्मिक पर्यटन के रूप में विकसित किया जायेगा। उन्होंन कहा कि हमारी सरकार ने माणा से लेकर आदि कैलाश तक विकास को समेकित रूप से करने का संकल्प लिया है। चौखुटिया में छात्र-छात्राओं के उच्च शिक्षा हेतु चौखुटिया महाविद्यालय में स्नाकोत्तर स्तर पर प्रथम चरण में अर्थशास्त्र व अंग्रेजी विषय की कक्षायें प्रारम्भ करने, स्नातक स्तर पर विज्ञान विषय की कक्षायें प्रारम्भ की जायेंगी।द्वाराहाट क्षेत्र की पेयजल समस्या के स्थायी समाधान के लिए प्राकृतिक स्रोतों के पुर्नजीवित करने की वैज्ञानिक कार्य योजना बनायी जायेगी साथ ही गगास नदी में आवश्यकतानुसार छोटे चैकडैमों का निर्माण कार्य किया जायेगा।

## उत्तर भारत के कई राज्यों में भी हल्के झटके महसूस किए गए

**लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर खीरी नेपाल सहित उत्तर भारत के कई राज्यों में शुक्रवार की रात 7:52 पर भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए. नेपाल में रिएक्ट स्केल पर 5.0 तीव्रता का भूकंप महसूस किया गया था. नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक यह भूकंप की गहराई जमीन से 20 किलोमीटर नीचे थी. नेपाल में आए इस भूकंप का असर उत्तर प्रदेश के गोरखपुर लखीमपुर खीरी सहित बिहार के राजधानी पटना तक महसूस किए गए हैं. उत्तराखंड, दिल्ली और एनसीआर में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए. गोरखपुर आपदा प्रबंधन विभाग ने बताया कि में भूकंप का हल्का झटका महसूस किया गया है. लखनऊ विश्वविद्यालय के भूगर्भ विभाग के प्रोफेसर अजय आर्य ने बताया कि कुछ दिनों पहले म्यांमार और थाईलैंड में 7.7 तीव्रता का तेज भूकंप आया था. उसी के क्रम में नेपाल में आए इस भूकंप को जोड़ कर देखा जा रहा है. उन्होंने बताया कि दक्षिण एशिया में टेक्निक्स प्लेट्स की बढ़ती हलचल का संकेत है, जिसके कारण यह भूकंप पर पैदा हो रही है. उन्होंने कहा कि नेपाल और मेहमान जैसे हिमालय और सुदूर पूर्वी इलाके पहले से ही भूकंपीय संवेदनशील जोन में आते हैं।

# एंबुलेंस कर्मचारियों ने मनाया अस्पताल में ईमटी दिवस



**वेलकम इंडिया**

**कांधला। मोहसीन रहमानी।** नगर के सरकारीअस्पताल के प्रांगण में एंबुलेंस कर्मचारी ने ईएमटी दिवस धूमधाम के साथ मनाया, प्रोग्राम मैनेजर में पहुंचकर एंबुलेंस कर्मचारी के साथ बैठक आयोजित कर उनका उत्साह वर्धन किया और सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया इस दौरान दर्जनों कर्मचारी मौजूद रहे। शुक्रवार को नगर के सरकारी अस्पताल में एंबुलेंस कर्मचारियों ने ईएमटी दिवस मनाया। ईएमटी दिवस में पहुंचे प्रोग्राम मैनेजर जयविंदर सिंहके ने कर्मचारियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि सभी एंबुलेंस कर्मचारी अलर्ट मोड पर रहे एंबुलेंस को हॉटस्पॉट स्थान पर ही खड़ा करें।सूचना मिलते ही तुरंत मरीज को अस्पताल में समुचित इलाज के लिए भर्ती कराए। सभी एंबुलेंस कर्मचारी मरीजों एवं गर्भवती महिलाओं को अपनी बेहतर सुविधा प्रदान करें। एंबुलेंस में दवाइयों का रखरखाव, ऑक्सीजन सहित फिटनेस का ध्यान रखें।घटनाओं पर जल्द से जल्द पहुंचकर मरीज को एंबुलेंस सेवा का लाभ प्रदान करें। इस दौरान उन्होंने जिला प्रभारी ललित मोहन जोशी के साथ मिलकर सभी कर्मचारियों को सम्मान पत्र देकर उनका उत्साह वर्धन किया।इस मौके पर पुष्पेंद्र कुमार, संदीप, कमल कुमार, रोहित,अरुण, परविंदर, अजय, गुरमीत अंकित सहित आदि मौजूद रहे।

## झगड़े के दौरान फायरिंग करने वाला युवक गिरफ़्तार आरोपी को भेजा जेल



**वेलकम इंडिया**

**बुलंदशहर .**नरसेना बुगरासी चौकी क्षेत्र के गांव चंदियाना में दो दिन पूर्व मामूली बात पर दो पक्षों में हुए विवाद के दौरान जमकर मारपीट व फायरिंग करने वाले आरोपी को पुलिस ने जेल भेजा है। बृहस्पतिवार को चंदियाना घटनास्थल पहुंची फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्र किये अतिसंवेदनशील गांव चंदियाना में शांति कायम रख अपराधियों को कानून का एहसास करा दिया जायेगा। आपको बता दें कि बुधवार शाम यामाहा के साइलेंसर से तेज आवाज को लेकर आपसी दो पक्षों में विवाद के साथ जमकर मारपीट हुई। और कई राऊंड हवाई फायर से दहशत का माहौल पैदा हो गया था। स्याना सीओ ने खुद मोर्चा संभालते हुए चौकी व थाना पुलिस के साथ मानिटरिंग की। उल्लेखनीय है कि मामूली विवाद गहराने के दौरान हाथ में लाठी डंडा व हथियार हवा में लहराने के फोटो सोशल मीडिया पर वायरल है नरसेना पुलिस ने शुक्रवार को फायरिंग करने वाले युवक जैनुल गिरफ़्तार कर जेल भेज दिया।

## मनरेगा में मजदूरी कराकर रुपए न देने का आरोप

**बुलंदशहर .**नरसेना क्षेत्र के गांव निवासी बुजुर्ग मनरेगा में मजदूरी करने के बाद रुपए लेने के लिए तीन साल से अधिकारियों के चक्कर काट रहा है।पीड़ित ने मनमानी का आरोप लगाते हुए बीडीओ और डीएम से मामले की शिकायत की है। बीडीओ ने मामले में जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है

नरसेना निवासी राम अवतार वर्मा ने दिए गए शिकायत पत्र में बताया है कि पीड़ित और उसके पौत्र अंकित कुमार ने 30 दिसंबर 2020 से लेकर 15 जुलाई 2022 तक मनरेगा के तहत मजदूरी की थी।जिसमें पीड़ित और उसके पौत्र ने 18 दिन कार्य किया था।3 साल बीतने के बाद भी उसे मजदूरी के रुपए नहीं मिले।जिस पर उसने मुख्यमंत्री पोर्टल से लेकर अधिकारियों तक कई बार शिकायत की।आए दिन दफ्तरों के चक्कर काट कर थक गया।पीड़ित ने मजदूरी के रुपए दिलाने की गुहार लगाई है।वही संबंध में बीडीओ अजय पाल सिंह का कहना है कि उनके कार्यकाल से पहला मामला है।इसकी जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# कवयित्री सुखमिला अग्रवाल भूमिजा को विद्या वाचस्पति सम्मान से सम्मानित किया गया

**वेलकम इंडिया**




कवयित्री सुखमिला अग्रवाल'भूमिजा' को काशी हिंदी विद्यापीठ वाराणसी एवं परिवर्तन योगेश संस्थान द्वारा हिंदू नववर्ष स्वागत समारोह में 'विद्या वाचस्पति' एवं 'मणिकार्णिका सम्मान' से सम्मानित किया गया। काशी हिन्दी विद्यापीठ के कुलाधिपति,कुलपति एवं परिवर्तन योगेश संस्थान के महासचिव तरेहन जी ने सुखमिला अग्रवाल'भूमिजा' को शाल, मेडल, सर्टिफिकेट व ट्राफी देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सुखमिला अग्रवाल'भूमिजा' को एक और सम्मान उनके साहित्य व समाज सेवा के क्षेत्र में किया गये श्रेष्ठ व प्रेरक , अनुकरणीय कार्यों के मद्देनजर 'मणिकार्णिका नारी सम्मान-2025' भी प्रदान किया गया।इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि डा कृष्णानंद जी प्रमुख महामंडलेश्वर संस्थापक पीठाधीश्वर महर्षि भारद्वाज सनातन अखाड़ा एवं ममता नोगरेया( वरिष्ठ लेखिका) , एवं आत्मा नन्द महाराज, तारण पंथ जैन धर्म श्री संघ गौरव दशम प्रतिमाधारी बाल ब्रह्मचारी अंतरराष्ट्रीय संत , इन सबकी कार्यक्रम में गरिमापूर्ण उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि, अति विशिष्ट, विशिष्ट महानुभावों, आगंतुकों एवं अतिथियों ने सुखमिला अग्रवाल'भूमिजा' को अनेकानेक बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उल्लेखनीय है कि सुखमिला अग्रवाल'भूमिजा' को पूर्व में भी कई सम्मानों से सम्मानित किया जा चुका है।

पिछले कई वर्षों से यह संस्थान निःस्वार्थ समाज सेवा का कार्य कर रही है जिसमें हिंदी साहित्य व कला को बढ़ावा देना भी मुख्य है।

## मामूली विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुई जमकर मारपीट कई घायल

**वेलकम इंडिया**



**कांधला।** थाना क्षेत्र के कस्बा एलम के मोहल्ला सुभाष नगर में मामूली विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई दोनों पक्षों के बीच जमकर डंडे व धारदार हथियार चले जिसमें दोनों पक्षों से महिला पुरुष घायल हो गए घायलों ने अपना-अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद एक दूसरे के विरुद्ध थाने पर तहरीर दी है। थाना क्षेत्र के कस्बा एलम के मोहल्ला सुभाष नगर निवासी महिला अनवरी पत्नी असक अली ने बताया कि शनिवार की देर रात वह अपने घर पर बैठी हुई थी आरोप है कि तभी पड़ोस का ही बलराम, राजेश, व कृष्ण पीड़िता के घर में घुस आए और पीड़िता के साथ लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया आरोप है कि जब उसकी पुत्रवधू साहिरा छुड़ाने के लिए आई तो आरोपियों ने उसके साथ भी गाली गलौज कर मारपीट कर घायल किया है। दूसरे पक्ष से बलराम पवार ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि वह अपने घर पर बैठा हुआ था उसके घर के समीप मोहल्ले के ही पांच भाई शराब पीकर आपस में झगड़ा कर रहे थे जब पीड़ित ने झगड़ा करने एवं हुड़दंग मचाने से रोकने का प्रयास किया तो आरोपियों ने एक राय होकर पीड़ित व उसके भतीजे राजेश पर धारदार हथियारों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।दोनों पक्षों के बीच हुई मारपीट में दोनों और से कई महिला पुरुष गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों पक्षों ने अपना-अपना मेडिकल परीक्षण करने के बाद एक दूसरे के विरुद्ध आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है। पुलिस ने दोनों पक्षों को कार्रवाई का आश्वासन देकर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

# वार्षिक परीक्षा फल और नई पुस्तकें पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**



**बरेली।** परिषदीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में छात्र-छात्राओं के लिए निशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण कार्य प्रारंभ हो गया है। इसी क्रम में शुक्रवार को क्यारा ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय गुलाब नगर झिंगरी में खंड शिक्षा अधिकारी पूरन सिंह, पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के मंडल अध्यक्ष डॉ विनोद कुमार शर्मा और प्रधानाध्यापक चंद्रपाल के द्वारा सबसे पहले विद्यालय के छात्र-छात्राओं को वार्षिक परीक्षा फल (रिजल्ट) वितरित किए गए।इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष डॉ विनोद कुमार शर्मा और खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रथम वित्तीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देखकर सम्मानित किया गया।उसके बाद प्रधानाध्यापक चंद्रपाल और शिक्षक धर्मेंद्र पटेल के आग्रह पर खंड शिक्षा अधिकारी पूरन सिंह और मंडल अध्यक्ष डॉ विनोद कुमार शर्मा द्वारा छात्र-छात्राओं को नवीन कक्षा के लिए पुस्तकें वितरित की गई। छात्र-छात्राओं को निशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी पूरन सिंह ने कहा कि सभी छात्र छात्रा मन लगा कर अच्छी शिक्षा प्राप्त करें जिससे उनके माता पिता के साथ क्षेत्र का नाम भी रोशन हो सके।

# फरीदा बांगर में उच्च प्राथमिक विद्यालय विद्युत मीटर हुआ खराब, बच्चे गर्मी में पढ़ने को मजबूर

**वेलकम इंडिया**



**बुलंदशहर .ऊंचागांव :** विकासखंड क्षेत्र के गांव फरीदा बांगर के उच्च प्राथमिक विद्यालय की विद्युत लाइट नहीं आने के कारण चार दिनों से बिजली नहीं आ रही है।इसके चलते स्कूल के छात्र छात्राओं को गर्मी में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्कूल के अध्यापकों ने बताया कि बीते पांच दिनों पहले विद्युत विभाग के कर्मचारी बिजली का नया मीटर लगा कर गए थे। मीटर नया मीटर लगने के बाद करीब 5 मिनट विद्युत मीटर ने सप्लाई निकाली थी।उसके बाद विद्यालय में लाइट नहीं आई है। जिसके कारण छात्र छात्राओं को गर्मी में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अध्यापक उदय सिंह ने बताया कि मीटर की शिकायत करने के लिए उन्होंने विद्युत विभाग जेई को कई बार कॉल करने पर उन्होंने कॉल नहीं रिसीव की। लेकिन विद्युत विभाग के कर्मचारीयों की लापरवाही के कारण उमस भरी गर्मी में पंखे की हवा के बिना छात्र छात्राओं को कक्षा में बैठना दूभर हो रहा है।बिना पंखे के गर्मी में कक्षा कक्ष में बैठने विद्यार्थियों की तबियत खराब होने का भय बना रहता है। वहीं इस संबंध में जब एस डी ओ बुगरासी व जूनियर इंजीनियर से फोन के माध्यम से बात करने की कोशिश की गई।

# एसएसपी ने फतेहगंज पश्चिमी की पूरी चौकी कर दी सस्पेंड, दरोगा व दो सिपाही पर अपहरण व वसूली का मुकदमा

**वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता**



**बरेली।** भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए बरेली के पुलिस कप्तान अनुराग आर्य ने बड़ी कार्रवाई की है।भ्रष्टाचार और जबरन वसूली के गंभीर आरोपों के चलते एसएसपी अनुराग आर्य ने फतेहगंज पश्चिमी पुलिस चौकी की पूरी टीम को सस्पेंड कर दिया है। बरेली दिल्ली नेशनल हाईवे पर फतेहगंज पुलिस चौकी प्रभारी बलवीर सिंह, कांस्टेबल मोहित चौधरी और हिमांशु पर अपहरण, धमकी, और अवैध वसूली जैसे संगीन मामलों में मुकदमा दर्ज कराया गया है। आरोप है कि इन पुलिसकर्मियों ने एक निर्दोष किसान को स्मैक तस्करी में फंसाने की धमकी देकर उससे दो लाख रुपये की मांग की।भिटौरा गांव निवासी बलवीर, जो पेशे से एक संपन्न किसान हैं, को गुरुवार रात पुलिसकर्मियों ने उनके घर से जबरन उठा लिया था।चौकी प्रभारी बलवीर सिंह, कांस्टेबल मोहित और हिमांशु ने उनके घर में घुसकर तलाशी ली, सामान बिखेरा और फिर उन्हें उठाकर रबड़ फैक्टरी कॉलोनी स्थित एक निजी आवास में ले जाकर बंधक बना लिया। बलवीर के परिवार से कहा गया कि वह स्मैक का धंधा करते हैं, और उन्हें छोड़ने के लिए 2 लाख रुपये की मांग की गई।जबकि बलवीर के खिलाफ किसी प्रकार का आपराधिक रिकॉर्ड तक नहीं था। बलवीर के परिजनों ने तुरंत मामले की शिकायत आईजी बरेली रेंज और एसएसपी अनुराग आर्य से की।मामले की गंभीरता को देखते हुए सीओ को जांच के लिए भेजा गया। जब अधिकारी मौके पर पहुंचे, तो चौकी प्रभारी और दोनों सिपाही वहां से फरार हो चुके थे ।सीओ ने बलवीर को उनके कब्जे से सुरक्षित छुड़वाया और मामले की विस्तृत रिपोर्ट एसएसपी को सौंपी। रिपोर्ट मिलते ही एसएसपी ने त्वरित एक्शन लेते हुए फतेहगंज पश्चिमी चौकी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया और तीनों आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। तीनों आरोपी पुलिसकर्मी फिलहाल गायब हैं, जिनकी तलाश में टीमें गठित की गई हैं।साथ ही विभागीय जांच भी शुरू कर दी गई है।एसएसपी अनुराग आर्य ने दो टूक कहा कि, किसी भी स्तर पर भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।चाहे वह पुलिस महकमे का ही कोई व्यक्ति क्यों न हो।

# 9 साल से बिना मान्यता के चल रहे नगम निगम विद्यालय की 250 छात्राओं का भविष्य अंधकार में

**वेलकम इंडिया अनिल कुमार**



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन ने एक ऐसा खुलसा किया है जो चौका देने वाला है मामला है भोपुरा के कुटी गांव का जहा नगर निगम द्वारा वर्ष 2016 से शहीद विजय सिंह पथिक नगर निगम बालिका विद्यालय संचालित किया जा रहा है इस विद्यालय में कक्षा एक से दस तक लभभग 250 छात्राएं शिक्षा ले रही है लेकिन मजे की बात देखिए कि स्कूल की मान्यता एक भी कक्षा की नहीं है इससे पहले हमने ये तो सुना था कि प्राइवेट स्कूल बिना मान्यता के चल रहे है लेकिन ये ऐसा पहला वाक्या है कि अपनी सरकार होते हुए भी नगर निगम का खुद का ही विद्यालय पिछले 9 साल से बिना मान्यता के संचालित किया जा रहा है गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन की अध्यक्ष सीमा त्यागी और सचिव अनिल सिंह ने बताया कि अभिभावकों की शिकायत का संज्ञान लेकर जब हमने स्कूल का दौरा किया तो पाया कि जहा स्कूल की बिल्डिंग , क्लास रूम , प्ले ग्राउंड , लेब, म्यूजिक रूम सभी बेहद उच्चस्तरीय है वहीं स्कूल की प्रधानाचार्य और शिक्षिकाएं पूरी मेहनत से बच्चो को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देने के लिए द्दढ़संकल्पित है लेकिन इस दौरान जब अभिभावकों और छात्राओं से वार्ता की गई तो ज्ञात हुआ कि स्कूल की किसी भी कक्षा की मान्यता ही नहीं है और यह स्कूल नगर निगम के किसी अन्य स्कूल से अटैच कर संचालित किया जा रहा है स्कूल की मान्यता नहीं होने के कारण कक्षा 9 और 10 की बोर्ड परीक्षा भी नगर निगम के किसी अन्य विद्यालय से दिलाई गई लेकिन इस बार नए शिक्षा सत्र से कक्षा 9 और 10 की छात्राओं को दाखिला लेने से मना कर दिया गया ।

# रामनवमी शोभायात्रा को लेकर युवाओं से किया सम्पर्क, शहर में लगाई भगवा पताका

**वेलकम इंडिया**




**धौलपुर राजस्थान** । विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल धौलपुर के तत्वाधान में रामनवमी भव्य शोभायात्रा समिति द्वारा धौलपुर शहर में 6 अप्रैल को रामनवमी शोभायात्रा का आयोजन किया जा रहा है । जिसकी तैयारिया शोभायात्रा सयोंजक गिरीश गर्ग के निर्देशन में लगभग पूर्ण हो चुकी हैं सयोंजक गिरीश गर्ग ने बताया कि शोभायात्रा महात्मा नन्द की बगीची से प्रारम्भ होकर टाउन चौकी, पुराना शहर, जगन टॉकिज, लाल बाजार, धूलकोट, सन्तर रोड़, बजरिया होते हुए श्रीराम मन्दिर गड़रपुरा पर भव्य आरती के साथ समापन होगी। राम शर्मा ने बताया कि रामनवमी हिंदू धर्म का एक प्रमुख त्योहार है यह दिन भगवान राम के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है। इस यात्रा को लेकर हमारा मुख्य उद्देश्य जात पात की विदाई कर एक संगठित हिन्दू के रूप में एक साथ निकलना हैं वही जिला महाविद्यालय प्रमुख धीरेंद्र कुशवाह द्वारा जिले के प्रत्येक स्कूल, कॉलेज, गांव, शहर व कस्बों में भगवान श्री राम का स्वरूप वितरित कर युवाओं से शोभायात्रा में सम्लित होने का आग्रह किया जा रहा है बजरंग दल सयोंजक चंद्रप्रताप धाकरे व सह संयोजक नरेश की देख रेख में समिति बना कर शहर में भगवा सजावट की गई हैं कार्यकताओं में काफी उत्साह है और आमजन में भी निमंत्रण को लेकर काफी उत्साह है। सभी से अपील की जा रही है कि उस दिन शोभा यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में लोग पहुंचे और शोभायात्रा की शोभा को बढ़ाएं ।

इसी दौरान बजरंग दल कार्यकर्ता दीपक रविन्द्र शुभम नवल सीनू रॉबिन पंडित गौरव बादल कान्हा लल्लू विजेन्द्र भानू अंकित सेन आकाश दिवाकर विद्यार्थी अनिल मीना सोनम शर्मा कविता चंदेल नीतू कुशवाह रितिका गुप्ता राधा शर्मा सत्यम गुप्ता मौजूद रहे।

## श्री रामनवमी पर्व पर भव्यता से निकाली जाएगी विशाल श्री राम जन्म पालना शोभा यात्रा

**वेलकम इंडिया**



**झांसी।** ग्वालियर रोड स्थित श्री सिद्धेश्वर मंदिर सभागार में श्री राम जन्मोत्सव पालना शोभायात्रा समिति की हुई पत्रकार वार्ता में महानगर धमार्चार्य व मुख्य संयोजक आचार्य हरिओम पाठक एवं समिति के सदस्यों ने संयुक्त रूप से बताया कि 6 अप्रैल को श्री रामनवमी पर्व पर श्री राम जन्मोत्सव पालना शोभायात्रा समिति के तत्वाधान में ग्वालियर रोड स्थित श्री सिद्धेश्वर मंदिर से शाम 5:00 बजे विशाल पालना शोभायात्रा निकाली जाएगी जिसका शुभारंभ सांसद अनुराग शर्मा एवं सदर विधायक रवि शर्मा आरती कर करेंगे। शोभा यात्रा में सबसे आगे 151 महिलाएं सर पर डलिया रखकर चलेगी।इसके बाद घोड़े पर राजा महाराजा एवं धार्मिक धुन बजाते हुए बैंड बाजे ,डीजे एवं दो घोड़े की रथ पर भगवान के विभिन्न स्वरूपों की लगभग 15 झांकियां विराजमान रहेगी। ट्रैक्टर ट्रॉली पर सजे हुए पालना में श्री राम जी का विग्रह आकर्षण का केंद्र रहेगा। शोभा यात्रा मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न मार्गों एवं बाजारों से होती हुई पसरठ स्थित प्राचीन श्री रघुनाथ जी के मंदिर में विराम होगी जहां पर श्री राम जी का छप्पन भोग प्रसादी एवं महा आरती की जाएगी व प्रसाद वितरण होगा। पत्रकार वार्ता में पूर्व मंत्री प्रदीप जैन आदित्य,पुरुषोत्तम स्वामी, रवीश त्रिपाठी, जयदीप खरे, पीयूष रावत,मुकेश अग्रवाल, पुरुकेश अमरिया ,मयंक श्रीवास्तव पार्षद ,योगेश नामदेव, मनोज पाठक, पवन गुप्ता ,प्रभात शर्मा , सत्येंद्र गोस्वामी ,देवराज चतुवेर्दी, आई.पी भल्ला ,चेतन नायक, निशु जैन आदि उपस्थित रहे।

## बाबूगढ़ क्षेत्र में श्री चंडी माता शोभा यात्रा का धूमधाम से किया गया आयोजन श्रद्धालुओं का उमड़ा जन सैलाब



**वेलकम इंडिया**

**हापुड़/**थाना बाबूगढ़ क्षेत्र में श्री चंडी माता शोभा यात्रा कमेटी के द्वारा श्री चंडी माता शोभा यात्रा का धूमधाम से आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालु भक्तों ने बढ़-चढ़कर मन की भावनाओं को परिपूर्ण करते हुए भाग लिया। वही इस श्री चंडी माता यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बाबूगढ़ थाना प्रभारी विजय कुमार गुप्ता भी अपनी पुलिस टीम के साथ मुस्तैदी के साथ नजर आए। जहां कमेटी के सदस्यों ने थाना प्रभारी विजय गुप्ता के सहयोग सानिध्य को देखते हुए विजय गुप्ता सहित पुलिस टीम में शामिल सब इंस्पेक्टर सांत्वना, नीरज निशु संजय गजेंद्र गिरीश को श्रद्धा भाव के साथ सम्मानित किया।

## चक्रव्रतेश्वर मंदिर में श्रीराम कथा आठ अप्रैल से

गरुड़। तहसील के प्रसिद्ध चक्रव्रतेश्वर मंदिर में आगामी आठ अप्रैल से नौ दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए मंदिर की महंत देवकी गिरी माई व पुजारी निरंजन गिरी महाराज ने बताया कि मंगलवार को प्रात: आठ बजे भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। मंदिर परिसर में नवनिर्मित हनुमान व शनिदेव मंदिर का लोकार्पण कर मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। उन्होंने क्षेत्रीय जनता से कथा श्रवण का लाभ उठाने और प्रतिदिन आयोजित होने भजन-कीर्तन व भंडारे में पहुंचने की अपील की है।

## गर्मी से बचाव को जागरूकता फैलाने को दिए निदेर्श: मुख्य चिकित्सा अधिकारी



**वेलकम इंडिया**

**लखनऊ।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एन.बी.सिंह ने शुक्रवार को काकोरी और मलिहाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र( सीएचसी ) का भ्रमण किया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सीएचसी का निरीक्षण किया उन्होंने इमरजेंसी का जायजा लिया और कहा कि रोस्टर के अनुसार चिकित्सक की इमरजेंसी में ड्यूटी लगायें। उन्होंने सीएचसी अधीक्षक को साफ सफाई रखने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान चल रहा है, सीएचसी पर साफ सफाई सहित अन्य व्यवस्थाएं चाक चौबंद रखें, माइक्रोप्लान के अनुसार काम करें, अभियान की नियमित समीक्षा बैठक करें ।समुदाय को मच्छर रोगों से बचाव के लिए क्या करें क्या न करें - व्यापक प्रचार प्रसार करें। उन्होंने कहा कि इस बार भी गर्मी का प्रकोप रहेगा। सीएचसी पर एसी, कूलर की स्थिति देख लें, यदि खराब हैं तो ठीक करा लें। इसके साथ ही पेय जल की व्यवस्था भी देख लें। जिससे कि मरीजों और तीमारदारों को किसी भी तरह की दिक्कत न हो।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने निर्देश दिए कि क्षेत्र में लोगों को गर्मी/लू से बचाव और उपचार की का जानकारी दी जाए। सीएचसी पर भी जानकारी चस्पा करें। इस मौके पर उनके साथ उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.के.डी.मिश्रा भी थे।

## युवक ने फांसी के फंदे से लटक कर की जीवन लीला समाप्त

हापुड़/बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव उपेड़ा में 26 वर्षीय युवक के द्वारा पंखे से लटक कर फांसी लगाकर जीवन नीला समाप्त करने का मामला प्रकाश में आया है ।बता दें कि बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव उपैडा में 04-04-2025 को समय करीब 06 :00 बजे शाम को 26 वर्षीय युवक रवि जाटव पुत्र धर्म सिंह जाटव ( अविवाहित ) के द्वारा अपने घर की छत के पंखे से लटक कर आत्माहत्या करने से परिवार में कोहराम मच गया

वहीं घटना की सूचना पाकर मौके पर थाना प्रभारी विजय गुप्ता के द्वारा फॉरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल का मौका मुआयना करते हुए सभी पहलुओं से जांच कर विधिक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## सेलिंग कंपनी के स्थापना दिवस पर मुख्य अतिथि डॉ० संदीप का हुआ भव्य स्वागत

**वेलकम इंडिया**



**झाँसी।** रुतबे वैलनेस प्राइवेट लिमिटेड डायरेक्ट सेलिंग कंपनी जो प्रोडक्ट सेलिंग, आयुर्वेदिक व बायोफर्टिलाइजर की प्रतिष्ठित कंपनी है। जिसकी एक शाखा वीरांगना लक्ष्मीबाई इंटरप्राइजेज झाँसी के राजगढ़ में स्थित है। शाखा के स्थापना दिवस के अवसर पर राजगढ़ स्थित कार्यालय में अखण्ड रामायण पाठ और भोजन प्रसादी वितरण का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संघर्ष सेवा समिति के संस्थापक एवं जनपद के प्रतिष्ठित समाजसेवी डॉ० संदीप सरावगी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के आगमन पर दर्जनों लोगों ने माला पहनाकर व पुष्प वर्षा के साथ जय श्री राम के गगनचुम्बी उद्घोषों से अभिवादन किया। कार्यक्रम में युवाओं में संघर्ष सेवा समिति एवं डॉ० संदीप के प्रति अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला। डॉ० संदीप को कंपनी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा शॉल पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉक्टर संदीप ने युवाओं को रोजगार परक बनने हेतु कई उपाय बताये साथ ही बैंक और सरकार द्वारा रोजगार से संबंधित चलाई जा रही कई योजनाओं के बारे में भी विस्तार से समझाया एवं किसी भी प्रकार की आवश्यकता पड़ने पर संघर्ष सेवा समिति कार्यालय पहुंचने का आमंत्रण दिया। कार्यक्रम में कंपनी के सीएमडी चेनाराम गहलोत, ऑफिस इंचार्ज अभिषेक द्विवेदी के साथ बीडी वर्मा, नरेश कुमार अहिरवार, इरफान खान, पंकज साहू, वर्षा मेघवाल, मनीष शर्मा, अजय, जय किशन, अजीत पटेल, वसीम खान, रामकेश, सुशांत गुप्ता, देवेंद्र सेन, संदीप नामदेव सहित सैकड़ों की संख्या में युवा उपस्थित रहे।

## विवाहिता का खेत मे मिला शव परिजनो ने कहा हुई है हत्या

**विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया**

**प्रतापगढ।** लालगन्ज थानान्तर्गत संदिग्ध अवस्था में विवाहित महिला का गेहूं के खेत में शव मिलने की सूचना पर परिजनों ने विवाहिता की हत्या का आरोप युवक पर लगाया है। परिजनों के अनुसार युवक का उनके घर के पास ही ननिहाल है। अक्सर वह ननिहाल आता जाता था। जिसने विवाहिता का अपहरण करके वह अपने साथ लेकर चला गया। हत्या करने के बाद शव को गेहूं के खेत में फेंक दिया। अंतू थाना क्षेत्र के जगदीशपुर ग्राम सभा के महुआ ताल निवासी मकबूल अहमद का विवाह करीब पांच वर्ष पूर्व मानिकपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत रामदयाल का पुरवा निवासी शहनाज बानो उर्फ चांदनी के साथ हुआ था। दोनों के करीब चार वर्ष की एक पुत्री है, जिसका नाम मरियम है। विवाह के करीब एक साल बाद ही मकबूल रोजी-रोटी के लिए सऊदी अरब चला गया था। वहां पर वह सिलाई का कार्य करता है। घर पर उनकी पत्नी शहनाज बानो अपने ससुर मोहम्मद सिद्धीक तथा देवर व सास के साथ रहती है। बुधवार की देर शाम वह अचानक अपनी बेटी को छोड़कर घर से गायब हो गई ।विवाहिता के ससुर मोहम्मद सिद्दीक ने अंतू थाने में बृहस्पतिवार को अपहरण का मुकदमा अज्ञात के विरुद्ध दर्ज कराया था।

## विशेष शिविर आयोजित कर घुमंतु, अर्ध-घुमंतु समुदाय को प्रदान की स्वास्थ्य सेवाएं

**वेलकम इंडिया**



**धौलपुर राजस्थान** । आपणो स्वस्थ राजस्थान की संकल्पना को साकार करने मे चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग अपनी अहम भूमिका निभा रहा हैं। इसी क्रम में जिले का स्वास्थ्य महकमा भी समाज की मुख्यधारा से दूर घुमंतू, अर्ध-घुमंतु और विमुक्त समुदाय के लिए उनके निवास स्थान पर ही विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर उन्हें स्वस्थ रखने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा ने बताया कि यह शिविर स्वास्थ्य सेवाओं को वंचित वर्ग तक पहुँचाने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ। बाड़ी ब्लॉक के ग्राम पंचायत नकसौदा में जमुरा अड्डा,मोंगिया अड्डा में आयोजित शिविर में जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शिव कुमार शर्मा के नेतृत्व में करीब 50 परिवारों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ दिया गया। शिविर में गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच, टीकाकरण, टीबी, किशोर-किशोरी स्वास्थ्य देखभाल, परिवार कल्याण सेवाएँ, सामान्य बीमारियों की जांच एवं गैर-संचारी रोगों की पहचान की गई। महिलाओं को स्वास्थ्य सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए उन्हें तीन-तीन पैकेट सैनिटरी नैपकिन भी वितरित किए गए। अनुभवी चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों ने मरीजों की जांच कर उन्हें, परामर्श व आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराईं। समुदाय के लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाने एवं अपनी सेहत को प्राथमिकता देने के लिए प्रेरित किया गया। इस शिविर में स्वास्थ्य विभाग का अन्य सामाजिक संस्थाओं द्वारा सहयोग किया गया। शिविर के दौरान बीसीएमओ बाड़ी डॉ.गब्बर सिंह, यूएनएफपीए जिला समन्वयक रिपुंजय कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

## अमोली से बैजनाथ मंदिर तक महिलाओं ने निकाली भव्य कलश यात्रा

**वेलकम इंडिया**



**गरुड़।** हरज्यू देवता मंदिर अमोली ( सिल्ली ) से महिलाओं ने बैजनाथ धाम तक भव्य कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा में सिल्ली के ग्रामीणों ने हरज्यू देवता व गोलज्यू देवता के जयकारे लगाए।

हरज्यू देवता मंदिर के नव निर्माण के बाद सिल्ली की महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा हरज्यू मंदिर अमोली से बैजनाथ धाम तक निकाली गई। बैजनाथ मंदिर में भगवान हरज्यू व गोलू देवता की मूर्ति को स्नान कर पूजा की गई। सभी महिलाओं ने कलश में पानी भरकर बैजनाथ धाम में भगवान शिव का जलाभिषेक किया। उसके बाद कलश में पानी भरकर सभी महिलाएं हरज्यू देवता मंदिर पहुंची। नवनिर्मित मंदिर का लोकार्पण किया गया। पूजा पाठ के साथ हरज्यू देवता की व गोलज्यू देवता की मूर्ति स्थापित की गई। उसके बाद भजन कीर्तनों के साथ तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान शुरू हो गया है। पूजा पं. मनोज पांडे, ललिता प्रसाद जोशी, दीप चंद्र जोशी, चंद्रशेखर तिवारी ने संपन्न कराई। इस दौरान पूर्व बीईओ जीवन चंद्र दुबे, डा. हेम चंद्र दुबे, आनंद दुबे, गिरीश दुबे, प्रकाश दुबे, तारा दत्त दुबे, जगदीश दुबे, सुशील दुबे आदि मौजूद थे।

## टाण्डा में जुमे की नमाज पर मस्जिदों के बाहर भारी पुलिस बल रहा तैनात

**वेलकम इंडिया,लईक सैफी**



**टाण्डा जिला रामपुर।** वक्फ संशोधन बिल के पारित होने के बाद टांडा में शुक्रवार को जुमे की नमाज के दौरान प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए, जिसमें जामा मस्जिद सहित प्रमुख मस्जिदों के आसपास भारी पुलिस बल तैनात रहा। नगर की सड़कों और गलियों में भी पुलिस ने गश्त की,इसके अलावा ड्रोन कैमरों से भी निगरानी की गई। जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह और पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्रा ने नगर में पहुंचकर फ्लैगमार्च किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने जनसामान्य से अपील की कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और शांति बनाए रखें। एसडीएम कुमार गौरव और सीओ कीर्तिनिधि आनंद भी लगातार मस्जिदों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे। प्रभारी निरीक्षक ओमकार सिंह पुलिस बल के साथ जामा मस्जिद के आसपास तैनात रहे और बाद में थाने वाली मस्जिद पहुंचे, जहां जामा मस्जिद के बाद जुमे की नमाज अदा की जाती है ।नमाज अदा करने के बाद मुसलमान शांति के साथ अपने-अपने घरों को लौट गए ।कहीं से भी किसी प्रकार के विरोध की कोई सूचना नहीं है।

## उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के 36 कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त

**वेलकम इंडिया**

**लखनऊ।** सेवानिवृत्ति कार्यक्रम में समापक भुगतान प्रपत्र प्रदान किया गया। अपनी रेल सेवा का कुशलतापूर्वक निर्वहन करते हुए दिनांक 31.03.2025 को उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल के 36 रेल कर्मचारी अपनी रेल सेवा से निवृत्त हुए। इन सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को आज दिनांक 04 अप्रैल 2025 को मंडल कार्यालय के सभागार में आयोजित सेवानिवृत्ति समारोह के अंतर्गत प्रत्येक सेवानिवृत्त कर्मचारी को समापक भुगतान प्रपत्र प्रदान किया गया, जिसका भुगतान कर्मी के नामांकित बैंक खाते में सीधे फळक्ष्र्र के माध्यम से भेजा जायेगा एवं कर्मचारी के खाते में स्वतः क्रेडिट हो जायेगा क इस कार्यक्रम के प्रारंभ में मण्डल कार्मिक अधिकारी,



आर.सी. बैरवा ने सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों का स्वागत किया एवं उनकी रेल सेवाओं हेतु आभार व्यक्त किया। इसके उपरांत मण्डल रेल प्रबंधक, एस.एम. शर्मा ने सेवानिवृत कर्मचारी को समापक भुगतान प्रपत्र एवं गोल्ड कोटेड चांदी का पदक प्रदान कर सम्मानित किया।

# लखनऊ नगर निगम को स्वच्छता जन भागीदारी में प्रदेश में प्रथम पुरस्कार

**वेलकम इंडिया**



**लखनऊ।** नगर निगम ने स्वच्छता के क्षेत्र में एक और बड़ी उपलब्धि अपने नाम कर ली है। स्वच्छता जन भागीदारी 2024 में प्रदेश भर में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए लखनऊ नगर निगम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। गोमती नगर विस्तार स्थित नगरीय निकाय निदेशालय के स्वाति सभागार में डेडीकेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर की तीसरी वर्षगांठ पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा ने नगर निगम लखनऊ की टीम को यह सम्मान सौंपा। नगर निगम को यह पुरस्कार डेडीकेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (ऊउउउ) की प्रभावी मॉनिटरिंग, कंट्रोल रूम हेल्पलाइन नंबर 1533 पर त्वरित प्रतिक्रिया और शिकायतों के शीघ्र निस्तारण के चलते प्राप्त हुआ है। इस सफलता में पशु पालन अधिकारी व ऊउउउ प्रभारी डॉ. अभिनव वर्मा और टीम लीडर सुबोध सिंह का विशेष योगदान रहा। समारोह में विशिष्ट अतिथि के तौर पर प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात, सचिव एवं निदेशक अनुज कुमार झा, एडिशन डायरेक्टर स्वच्छ भारत मिशन ऋतु सुहास, नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह, चीफ टैक्स असेसमेंट ऑफिसर अशोक सिंह, पशु पालन अधिकारी डॉ. अभिनव वर्मा समेत कई अधिकारीगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा ने लखनऊ नगर निगम की टीम को बधाई दी और कहा कि यह पुरस्कार निगम की मेहनत, प्रशासनिक कुशलता और जनता की भागीदारी का परिणाम है। उन्होंने उम्मीद जताई कि लखनऊ नगर निगम आगे भी स्वच्छता के क्षेत्र में नए मानक स्थापित करेगा। लखनऊ नगर निगम की तरफ से स्वच्छता जन भागीदारी पुरस्कार 2024 को चीफ टैक्स असेसमेंट ऑफिसर अशोक सिंह द्वारा प्राप्त किया गया। यह पुरस्कार मंत्री नगर विकास ए.के. शर्मा द्वारा नगर विकास निदेशालय में आयोजित कार्यक्रम में उन्हें दिया गया। नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने इस पुरस्कार को नगर निगम कर्मचारियों और लखनऊ की जागरूक जनता की संयुक्त मेहनत का नतीजा बताया। उन्होंने कहा कि निगम की टीम महापौर सुषमा खर्कवाल के निर्देशन में स्वच्छता को लेकर पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है और लखनऊ को स्वच्छ, हरा-भरा और प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है। ऊउउउ प्रभारी डॉ.अभिनव वर्मा ने कहा कि कंट्रोल रूम की निरंतर मॉनिटरिंग और हेल्पलाइन 1533 पर नागरिकों की शिकायतों का त्वरित समाधान इस उपलब्धि की बड़ी वजह रही। उन्होंने बताया कि नगर निगम के डिजिटल निगरानी सिस्टम ने सफाई कर्मचारियों की कार्यशैली में सुधार किया, जिससे स्वच्छता स्तर बेहतर हुआ। इसके साथ ही सोशल मीडिया की मदद से भी लोगों को जागरूक किया गया। लखनऊ नगर निगम ने इस पुरस्कार तक पहुंचने के लिए कई अहम कदम उठाए। डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन, सार्वजनिक स्थानों की सफाई, सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ अभियान और नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। शहरवासियों की सक्रिय भागीदारी भी इस सफलता में महत्वपूर्ण रही। लखनऊ नगर निगम ने स्वच्छता के क्षेत्र में पहले भी कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। जिसमें सितंबर 2024 में, पीएम स्वनिधि योजना के तहत पटरी दुकानदारों को ऋण वितरण में उत्कृष्ट कार्य के लिए राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया था। जनवरी 2023 में, लखनऊ के इकाना स्टेडियम में आयोजित भारत बनाम न्यूजीलैंड क्रिकेट मैच को सिंगल यूज प्लास्टिक फ्री और जीरो वेस्ट इवेंट बनाने के लिए सम्मानित किया गया था।

# कुरान की चर्चा अब भारतीय संसद में भी - दिव्य अग्रवाल (लेखक व विचारक)

**वेलकम इंडिया**



शिक्षा से उत्तम, जीवन में कुछ भी नहीं लेकिन यही शिक्षा जब वैमन्सयता का रूप ले ले तो उससे ज्यादा घातक और भयावह भी कुछ नहीं। कुरान जो इस्लामिक शिक्षा का मुख्य स्तोत्र है उसकी कुछ आयतो को लेकर यदा कदा प्रश्न उठते आएं हैं जिसको लेकर विश्व की अनेको संसदो में चर्चा भी हुई है और कहा गया है की कुछ आयते ऐसी हैं जिनका अनुवाद यदि किया जाए तो उनसे दूसरे धर्मो के प्रति वैमन्सयता जन्म लेगी ।

इसको लेकर कई वर्ष पूर्व दिल्ली मेट्रोपोलियन कोर्ट ने भी आदेश दिए थे की ऐसी कोई भी मजहबी शिक्षा जिनसे हीनियस क्राइम करने की प्रेरणा पोषित हों उस शिक्षा पर सार्वजनिक चर्चा हो,सुधार हो और आवश्यक हो तो उन पर प्रतिबंध लगा देना चाहिए परन्तु वह बात आगे बढ़ नहीं पायी। अब इसी सापेक्ष में भारत की संसद से एक माननीय सांसद ने प्रश्न उठाया है और कहा की यदि कुरान की उन बातो को हिन्दू पढ़ ले तो क्या होगा यह तो हिन्दुओ की भलमनसाई है की अपने प्रति ऐसी विचारधारा को पोषित होता हुआ देखकर भी मौन है। इसी प्रश्न को लेकर वसीम रिजवी जिन्होंने इस्लाम मजहब का त्याग कर दिया है उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी की कानूनी रूप से उन आयतों पर चर्चा हो लेकिन वह याचिका कोर्ट ने सुनवाई हेतु स्वीकार नहीं की। अब प्रश्न यह उठता है की यदि वास्तव में इसमें सत्यता है जैसा की इंटरनेट से भी पढ़ने को आसानी से मिलता है तो भारत का भविष्य क्या होगा क्यूंकि उन आयतो का प्रभाव वहां पर ही क्रियान्वित होगा जहाँ गैर इस्लामिक समाज है।

## जुमा की नमाज के दृष्टिगत जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा थानाक्षेत्र जायस का भ्रमण कर लिया गया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा



**अमेठी।** जिलाधिकारी निशा अनंत एवं पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा जुमा की नमाज के दृष्टिगत शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु जनपद भ्रमण के दौरान कस्बा जायस का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया एवं प्रभारी निरीक्षक जायस व गस्त/पिकेट ड्यूटी पर तैनात अधि0/कर्म0गण को सतर्कतापूर्वक ड्यूटी करने हेतु आवश्यक निर्देश दिये गये।

## चौमुंहा में 18 घंटे बाधित रही बिजली आपूर्ति

**मथुरा/चौमुंहा।** बृहस्पतिवार को कस्बा चौमुंहा में दोपहर से दूसरे दिन सुबह तक बिजली आपूर्ति गुल रही। गर्मी से लोगों का हाल बेहाल हो गया। बिजली घर पर वायरिंग की मरम्मत के चलते घंटों बिजली आपूर्ति बाधित रही। रात को तेज आंधी से शुक्रवार की सुबह तक आपूर्ति बन्द रही। इसके चलते नगर पंचायत से नियमित होने वाली पेयजल आपूर्ति नहीं हो सकी, लोग एक दूसरे के घरों में पानी के लिए ताकते रहे, वही कई उपभोक्ता अपने मोबाइल फोन चार्ज करने के लिए भटकते रहे। रात में गर्मी और मच्छरों के प्रकोप से लोगों की नींद हराम हो गई। लोग रात को जागने पर मजबूर रहे। उपभोक्ताओं का कहना है कि चौमुंहा उपकेंद्र द्वारा बिना पूर्व सूचना के घंटों विद्युत आपूर्ति को बन्द रखा जाता है, विभाग अपनी मनमानी तरीके से आपूर्ति दे रहा है। कस्बावासी घनश्याम का कहना है कि गर्मियों की शुरूआत से चौमुंहा उपकेंद्र की व्यवस्था लड़खड़ाने लगी है, आगे क्या होगा? कस्बावासियों का कहना है कि चौमुंहा उपकेंद्र का यही हाल रहा तो वे जिलाधिकारी से लिखित में शिकायत करेंगे। एसडीओ शुभम अग्रवाल का कहना है कि बिजली घर पर वायरिंग की मरम्मत के कारण बिजली आपूर्ति बाधित रही।
मदन गोपाल, हरिओम सिंह, सोनू,नरेश सिंह, वीरू ठाकुर, रौतान सिंह, अजय पहलवान, गोपाल सिंह, एदल सिंह, रमेश पंडित आदि ने नाराजगी व्यक्त की है।

## सिंभावली पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हुई जुम्मे की नमाज



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार**

**हापुड़ सिंभावली**/एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह के आदेश अनुपालन हापुड़ पुलिस के सभी थाना प्रभारियों ने अपने-अपने थाना क्षेत्र में स्थित मस्जिदों में होने वाली जुम्मे की नमाज को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न कराया। इसी क्रम में सिंभावली थाना प्रभारी सुमित तोमर एवं फिर प्रशिक्षु पुलिस क्षेत्राधिकारी ने भारी पुलिस बल के साथ क्षेत्र में पैदल फ्लैग मार्च करते हुए सुरक्षा का एहसास करने के साथ सभी मस्जिदों में होने वाली जुम्मे की नमाज को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सकुशल संपन्न कराया। वही इस मामले को लेकर थाना प्रभारी सुमित तोमर का कहना है कि क्षेत्र में शांति सुरक्षा व्यवस्था से शरारती तत्वों के द्वारा खिलवाड़ किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शरारती तत्वों के विरुद्ध विधिक वैधानिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा जाएगा।

## आकर्षक झांकियों के साथ धूमधाम से निकाली सप्तम भवानी की भव्य शोभायात्रा

**औरंगाबाद बुलंदशहर।** चैत्र नवरात्र की सप्तमी तिथि पर शुक्रवार को सप्तम भवानी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में शामिल झांकियां आकर्षण का केंद्र बनी रहीं। श्री चंडी काली कमेटी के तत्वावधान में माता महाकाली जी की शोभायात्रा मौहल्ला अजीजाबाद स्थित चामुंडा मंदिर से शुरु हुई। शोभायात्रा का शुभारंभ पूर्व चेयरमैन राजकुमार लोधी एवं व्यापारी नेता नितिन सिंघल ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। काली कमेटी के अध्यक्ष मंगल सेन शर्मा ने पूजा अर्चना कर विधिवत पूजन किया। माता महाकाली का स्वरूप बब्लू लोधी ने धारण किया। जुलूस में शामिल माता महाकाली का स्वरूप अपने लांगुरियों के साथ नृत्य करते तलवार के करतब दिखाते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा में शामिल विष्णु भगवान श्री गणेश दुर्गा माता की झांकियां जन समुदाय के आकर्षण का केंद्र बनी हुई थी। जुलूस प्रमुख मार्गों से होते हुए देर रात आरती प्रसाद वितरण कर समाप्त हुआ। पुलिस व्यवस्था चाक चौबंद रही थाना प्रभारी नितीश भारद्वाज वरिष्ठ उपनिरीक्षक मुनेंद्र कुमार कस्बा चौकी प्रभारी नीटू मलिक भारी पुलिस बल के साथ तैनात रहकर कड़ी चौकसी बनाये रहे।

# शिवाजी की पुण्यतिथि पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन




**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** विकासखंड बघौली अंतर्गत सरदार पटेल डिग्री कालेज बरगदवां कोपिया में शुक्रवार को अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा संतकबीरनगर जिला इकाई के बैनर तले रामरक्षा चौधरी के संयोजन व महासभा के जिलाध्यक्ष साहुल कुमार चौधरी की अध्यक्षता में शिवाजी की पुण्यतिथि पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की शुरूआत शिवाजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुये दीप प्रज्वलित के बाद हुई। गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा के जिलाध्यक्ष साहुल कुमार चौधरी ने कहा कि शिवाजी, जिन्हें छत्रपति शिवाजी महाराज के नाम से भी जाना जाता है।वह एक महान मराठा शासक थे।शिवाजी का जन्म 19 फरवरी 1630 को महाराष्ट्र के शिवनेरी किले में हुआ था।उनके पिता शाहजी भोसले और माता जीजाबाई थीं। उनका पालन पोषण उनकी माँ और दादाजी कोंडा-देव की देखरेख में हुआ, जिन्होंने उन्हें एक कुशल सैनिक और प्रशासक बनाया।शिवाजी ने गुरु रामदास के धार्मिक प्रभाव में भी आए, जिससे उन्हें अपनी मातृभूमि पर गर्व हुआ।आयोजक रामरक्षा चौधरी ने शिवजी को याद करते हुये कहा कि शिवाजी ने बीजापुर के आदिलशाही सल्तनत से एक हिस्सा जीत कर अपना स्वतंत्र राज्य बनाया, जो बाद में मराठा साम्राज्य की नींव बनी थी।आज हम सभी उनकी पुण्य तिथि पर उन्हें याद करते हुये श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं। इस मौके पर रामरक्षा चौधरी ,साहुल कुमार चौधरी अनिल चौधरी, राजकुमार चौधरी ,बजरंगी चौधरी, नगेन्द्र, अजय, हरिकिशोर सिंह, संत कुमार,राम जनक, वशिष्ठ, शैलेन्द्र जी, अजय, मनिंद्र,संजय,बालगविंद चौधरी, बालकेश,रामनिवास आदि मौजूद रहे।

# रामसरण सरस्वती शिशु मंदिर में इन्फोसिस फाऊंडेशन ने किया एलईडी का उद्घाटन




**वेलकम इंडिया**

**बुगरासी/बुलंदशहर/खानपुर/शुक्र** वार को खानपुर के सरस्वती शिशु मंदिर में एलईडी लगाकर बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। एलईडी का उद्घाटन नोएडा की कम्पनी इंफोसिस फोन्डेसन के डीसी हैड रिषि प्रताप सिंह ने किया।

जानकारी के अनुसार गत तीन माह से इंफोसिस फोन्डेसन की तरफ से उक्त स्कूल के 600 बच्चों को रोजाना दो केले व एक गिलास दूध दिया जा रहा है। स्वास्थ्य के साथ पढ़ाई भी आवश्यक है को लेकर इंफोसिस फोन्डेसन ने एक एलईडी स्कूल को दी।इसी एलईडी का उद्घाटन भी उक्त कम्पनी के डीसी हैड रिषि प्रताप सिंह ने किया। रिषि प्रताप सिंह के साथ आये आलोक कुमार व गुरमीत सिंह ने भी कार्यक्रम में भाग लिया और स्कूल के सभी बच्चे व अभिभावक भी मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदीप कुमार ने की तथा संचालन स्कूल प्रधानाचार्य राजेश शर्मा ने किया। इससे पहले कालेज प्रबंधन ने इंफोसिस कम्पनी से आये लोगों का खानपुर के मुख्य मार्गों से होते हुए बैंड बाजों के साथ फूलों की वर्षा करते हुए कालेज प्रांगण तक ले गये। उक्त कम्पनी से आये जनों का मन गदगद हो गया।फिर सरस्वती के चित्र पर फूल अर्पित कर दीप जलाकर नमन कर सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर कस्बे के सैंकड़ों गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# सफलता के लिए निरंतर मेहनत, जूनून, समय का सदुपयोग जरूरी: अनिल त्रिपाठी




**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** क्षेत्र पंचायत बेलहर कलां स्थित बी.एन.एस.एन.राय एकेडमी में 11वां प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। स्कूल टॉपर रहे दयाशंकर ने 96.26 नंबर प्रकार साइकिल पुरस्कार प्रदान किया गया। मेहदावल क्षेत्र के विधायक अनिल त्रिपाठी ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन करके माल्यार्पण किया। इसके बाद विधायक का विद्यालय के संरक्षक दिलीप कुमार राय और प्रबंधक अरूण कुमार राय ने मां सरस्वती की प्रतिमा और साल देकर स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक अनिल त्रिपाठी ने कहा कि सफलता के लिए निरंतर मेहनत, जूनून, समय का सदुपयोग जरूरी है। सिर्फ सपने देखना ही काफी नहीं है बल्कि उन सपनो को साकार करने के लिए कड़ी मेहनत भी करनी पड़ेगी। इस दौरान बीजेपी के पूर्व जिला अध्यक्ष सेतभान राय, पुजारी राय का भी स्वागत किया गया। इस अवसर पर संरक्षक दिलीप राय (मुन्ना राय), प्रबंधक अरुण कुमार राय, प्रिंसिपल आर के, नीरज विश्वकर्मा, प्रतुल्ले मिश्रा, संजय ओझा, ओमकृष्णा, इंद्रबली, रजनीश, कुमकुम राय , रितिका मिश्रा, अर्पणा, सौम्या, जैनब, शाहीन, रूपल, उषा त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# हिंदी रंगमंच दिवस : मथुरा के सुप्रसिद्ध नौटंकी कलाकार कमलेश लता को मिला खलीफा फूल सिंह यादव सम्मान

**वेलकम इंडिया**




**मथुरा।** रंगकर्म के क्षेत्र में प्रतिष्ठित 1991 के 'संगीत नाटक अकादमी' सम्मान प्राप्त नौटंकी कलाकार श्रीमती कमलेश लता आर्य को 'हिन्दी रंगमंच दिवस' पर आगरा में नागरी प्रचारिणी सभा के पुस्तकालय कक्ष में आयोजित एक समारोह मे खलीफा फूल सिंह यादव सम्मान से सम्मानित किया गया। उनकी अनुपस्थिति में यह सम्मान उनके ज्येष्ठ पुत्र विजय कुमार आर्य ने ग्रहण किया। इस मौके पर कार्यक्रम का संचालन कर रहीं नसरीन बेगम ने उनके जीवन एवं कृतित्व से संबंधित अनेक जानकारी उपस्थित सुधिजन को दीं। उन्होंने बतायाकि एक किसान परिवार में जन्मीं कमलेश लता आर्य को अपने कस्बे में दशहरे के अवसर पर आयोजित होने वाले नाटकों और नौटंकियों के कार्यक्रमों से रंगकर्म के प्रति लगाव पैदा हुआ और फिर किस प्रकार धीरे–धीरे अभयास करते हुए खुद भी एक बड़ी कलाकार बन गईं। यह कार्यक्रम आगरा की सांस्कृतिक संस्था 'रंगलीला', 'शीरोज हैंगआउट' और 'ब्रज की पहली महिला पत्रकार प्रेमकुमारी शर्मा स्मृति संगठन' द्वारा हिंदी रंगमंच दिवस पर संयुक्त रूप से आयोजित आयोजित किया गया था। जिसमें हिंदी के वरिष्ठ समीक्षक और केंद्रीय हिंदी संस्थान के पूर्व निदेशक प्रोफेसर रामवीर सिंह, वरिष्ठ लेखक एवं कथाकार अरुण डंग, वरिष्ठ रंगकर्मी प्रोफेसर ज्योत्स्ना रघुवंशी व डॉ. विजय शर्मा आदि ने 'जनमानस का दर्पण है हिन्दी रंगमंच' विषयक संगोष्ठी में अपने विचार प्रकट किए। अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार एवं दिल्ली के आईपी कॉलेज के मास कम्युनिकेशन विभाग की पूर्व डीन डॉ. विनीता गुप्ता ने की।

इस अवसर पर आगरा शहर के अनेक गणमान्य नागरिक, रंगकर्मी, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# चैत्र नवरात्रों को लेकर मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम के द्वारा आज मंदिरों की साफ-सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया गया

**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**

हापुड़ जनपद के प्रमुख सचिव, संस्कृति अनुभाग, उ०प्र०शासन के द्वारा आगामी शुभ तिथियों दिनांक 05.04.2025 व 06.04.2025 में चैत्र (वांसतिक) नवरात्रि के अवसर पर प्रदेश के देवी मंदिरों एवं शक्ति पीठों में बालिकाओं एवं महिलाओं की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए महिलाओं की सुरक्षा हेतु सरकार द्वारा लागू किये गये कानूनों, योजनाओं एवं कायक्रमों का वृहद प्रचार-प्रसार किये जाने के निर्देश दिए गए हैं के क्रम में आज मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम के द्वारा चैत्र नवरात्रों के अवसर पर हापुड़ के प्रमुख मंदिर चंडी मंदिर, बालाजी मंदिर एवं राम मंदिर का निरीक्षण किया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा अष्टमी एवं श्री रामनवमी के अवसर पर जनपद के राम मंदिरों / हनुमान मंदिरों / देवी मन्दिरों / वाल्मीकि मंदिरों / शक्तिपीठों का चयन करते हुए मंदिरों में रामायण रामचरित मानस में वर्णित सामाजिक मूल्यों व मानवीय गुणों के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु जनसामान्य को इससे जोड़ते हुए भव्यपूर्ण देवी गायन/दुर्गा सप्तशती पाठ/अखण्ड रामायण पाठ के कार्यक्रमों पर किए जा रहे आयोजन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने साफ सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मंदिरों के प्रमुखों से वार्ता की इसी के साथ उन्होंने बालिकाओं एवं महिलाओं की सुरक्षा हेतु सरकार द्वारा लागू किए गए कानून एवं योजनाओं कार्यक्रमों का बेहतर प्रचार-प्रसार किए जाने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया।



# हार्डवेयर के स्टोर में लगी आग को दमकल विभाग ने बुझाया



वेलकम इंडिया

**बागेश्वर।** कोतवाली पुलिस क्षेत्र के अंतर्गतगोमती पुल के समीप नदीगांव मार्ग पर स्थित एक हार्डवेयर की दुकान के स्टोर में अचानक आग लग गई।आग लगते ही कमरे के पास से धुआं आते देख लोगों ने तत्काल आग को बुझाने का प्रयास किया,तभी इसकी सूचना लोगों ने फायर ब्रिगेड व पुलिस को दी। सूचना के बाद तत्काल फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची।

हार्डवेयर दुकान के गोदाम में अधिकांश प्लास्टिक के पाइप और अन्य सामान होने के कारण पलास्टिक के समान से आग फैलने का अंदेशा था। पर आग लगते ही मौजूद लोगों ने भी आग को फैलने से रोकने का प्रयास किया, तभी तत्काल दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंच कर फैल रही आग पर काबू पा लिया। यदि समय पर आग पर काबू नहीं पाया जाता तो आग आसपास के घरों में भी फैलने का अंदेशा था। जिस कारण बड़ा हादसा होने से टल गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नदीगांव मार्ग में योगेश भट्ट के संगम ग्लास एवं प्लाईवुड स्टोर रूम के जीने में रखी प्लास्टिक पाइपों में आग लग गई। आग भयावह होकर फैलने लगी।

- हार्डवेयर दुकान के गोदाम में अधिकांश प्लास्टिक के पाइप और अन्य सामान होने के कारण पलास्टिक के समान से आग फैलने का अंदेशा था।

इस दौरान सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। मिनी हाई प्रेशर वाटर टेंडर में उपलब्ध पानी से पंपिंग कर होज रील पाईप से आग पर पानी डालकर आग पर काबू पाया। मकान में फैलने से रोककर अन्य स्टोर में रखा समान को बचाया गया। यदि समय से भयावह होती आग को नही बुझाया जाता तो दुकान स्वामी को भी लाखों का नुकसान हो सकता था।आग से अन्य किसी प्रकार का कोई नुकसान नहीं हुआ।

आग बुझाने वाली फायर ब्रिगेड टीम में एलएफएम नवीन चंद्र जोशी, चंद्र प्रकाश, केदार सिंह, सूर्य प्रकाश, हिमांशु पाठक, दीपक कुमार, नीरज रावत दीपक दानू सोहन लाल आदि शामिल रहे।

## झिरौली पुलिस ने 14 बोतल देशी अवैध शराब के साथ एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**बागेश्वर,** अवैध मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम हेतु झिरोली पुलिस द्वारा चलाए जा रहे सघन चैकिंग अभियान के तहत थानाध्यक्ष झिरौली मनवर सिंह के नेतृत्व में झिरौली पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में चैकिंग के दौरान कठपुड़ियाछीना के पासएक अभियुक्त को अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

थानाध्यक्ष मनवर सिंह ने चेकिंग अभियान में बौडी निवासी पूरन लाल को 14 बोतल देशी अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया।पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के खिलाफ 60 आबकारी एक्ट में मुकदमा दर्ज कर अवैध शराब को जब्त कर दिया है।

# जिलाधिकारी ने पीएमजीएसवाई के तहत बनी सड़कों की प्रगति की समीक्षा



वेलकम इंडिया

**बागेश्वर,** गोविन्द मेहता,जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने शुक्रवार को जिला कार्यालय में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के तहत चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने पीएमजीएसवाई-कश (चार)के मानकों के अंतर्गत सड़कों का डीपीआर शीघ्र तैयार कर भारत सरकार को भेजने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़कों का जियो टैगिंग आधारित सर्वेक्षण किया जाए, ताकि अधिक से अधिक ग्रामीण आबादी को सड़क मार्ग की सुविधा मिल सके। उन्होंने पीएमजीएसवाई-कक के तहत जारी कार्यों को भी समयबद्ध तरीके से पूरा करने के सख्त निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष जोर दिया। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और यदि कोई लापरवाही पाई जाती है, तो संबंधित के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।साथ ही कार्यदायी संस्था को सड़क निर्माण के दौरान उचित डंपिंग जोन बनाने, काश्तकारों को सड़क निर्माण में खेतों में मलुवा नही डालने, साथ ही को समय से सड़क कटान सहित होने वाले नुकसान का मुआवजा देने के निर्देश दिए।बैठक के दौरान पीएमजीएसवाई के अधिशासी अभियंता अमरीष रावत ने बताया कि जनपद में पीएमजीएसवाई-कश के तहत 2011 की जनगणना के अनुसार 250 से अधिक जनसंख्या वाले बसावटों एवं क्लस्टर के माध्यम से जिन मोटर मार्गों की जनसंख्या का योग 250 से अधिक है, उन 101 सड़कों का जियो टैगिंग सर्वे पूरा कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि कपकोट विकासखंड में 56, बागेश्वर में 33 और गरुड़ विकासखंड में 12 सड़कों का सर्वेक्षण कार्य हो चुका है और इन सड़कों का डीपीआर तैयार करने का कार्य प्रगति पर है।

जनपद में पूर्व में पीएमजीएसवाई-क और कक योजनाओं के अंतर्गत 174 मोटर मार्गों और 65 पुलों का निर्माण किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त, पीएमजीएसवाई-ककक के तहत 12 सड़कों का निर्माण कार्य वर्तमान में प्रगति पर है। बैठक में परियोजना निदेशक शिल्पी पंत, ईई पीएमजीएसवाई अमरीष रावत आदि मौजूद रहे।

# पक्षियों के लिए वरदान साबित होंगे परिण्डे : बोहरा



वेलकम इंडिया

**बाड़मेर 04 अप्रैल 2025।** भीषण गर्मी में पक्षियों के हलक तर को लेकर जीवदया के कार्यां को समर्पित जन कल्याण संस्थान, बाड़मेर की ओर से परिण्डा अभियान के माध्यम से अलग-अलग स्थानों पर मिट्टी के परिण्डे लगाएं व बांटे जा रहे है। जिस कड़ी में शुक्रवार को संस्थान अध्यक्ष मुकेश बोहरा अमन के नेतृत्व में सांसियों का तला में परिण्डे लगाने के साथ-साथ श्री माजीसा धाम, बाड़मेर के अध्यक्ष स्वरूपचन्द संखलेचा रणधा की उपस्थिति में श्री माजीसा बालिका मण्डल की बहिनों को 100 परिण्डे वितरित किये गये।

संस्थान अध्यक्ष मुकेश बोहरा अमन ने कहा कि भीषण गर्मी के इन दिनों में अलग-अलग स्थानों पर लग रहे मिट्टी के परिण्डे पंछियों के लिए वरदान साबित होंगे। छोटे-छोटे मिट्टी के इन परिण्डों के माध्यम से पक्षियों को शीतल जल रहा है। अमन ने कहा कि यह परिण्डा अभियान सभी दयालु सज्जनों व भामाशाहों के आर्थिक सहयोग की बदौलत आगे बढ़ रहा है। परिण्डा अभियान में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सांसियों का तला में पक्षियों के लिए मिट्टी के परिण्डे व चबूतरे लगाये गये। वहीं परिण्डा वितरण कार्यक्रम में श्री माजीसा धाम बालिका मण्डल को 100 से अधिक परिण्डे वितरित कर जीव दया व जीव कल्याण का संकल्प दिलाया गया। परिण्डा वितरण कार्यक्रम के दौरान श्री माजीसा धाम के अध्यक्ष स्वरूपचन्द संखलेचा रणधा, संस्थान अध्यक्ष मुकेश अमन, राणामल धारीवाल, मोहनलाल बोहरा, प्रवीण मालू, शुम्भूसिंह, संजीत खान सहित बड़ी संख्या में श्री माजीसा धाम बालिका मण्डल की बहिनें उपस्थित रही।

# मोबाइल को अपना बताना पीड़ित को पड़ा भारी दबंगों ने कर डाली मारपीट-जांच में जुटीं पुलिस

वेलकम इंडिया



**बुलंदशहर:** नगर कोतवाली क्षेत्र के धमेड़ा अड्डा निवासी पीड़ित परिवार ने लगाई पुलिस से गुहार परिवार में दहशत का माहौल गहराई से जांच में जुटीं पुलिस, मिली जानकारी के अनुसार घायल रिहान ने बताया कि व मोबाइल लेकर अपने घर आ रहा था तभी मोहल्ले के एक लड़के ने उसको रोक लिया और उसके मोबाइल को अपना बताने लगा जब पीड़ित ने उसका विरोध किया तो शाहिद ने अपने कुछ अन्य साथियों के साथ मिलकर रिहान के साथ मारपीट चालू करदी और उसके सिर में किसी भारी चीज से वारकर उसे घायल कर दिया वही दबंग वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए।

# डिबाई में प्रथम आगमन पर भाजपा जिलाध्यक्ष का किया भव्य स्वागत

वेलकम इंडिया



**डिबाई।(बुलंदशहर)** डिबाई के एक मैरिज होम में भाजपा के जिलाध्यक्ष विकास चौहान के प्रथम आगमन पर फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। गौरतलब है कि भाजपा हाईकमान द्वारा विकास चौहान को लगातार दुसरी बार जिलाध्यक्ष बनाकर एक बार फिर उन पर भरोसा जताया है। इसी कडी में डिबाई के एक मैरिज होम में विकास चौहान के पहली बार डिबाई आगमन पर क्षेत्रीय विधायक सीपी सिंह लोधी की मौजूदगी में भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष ने कार्यक्रम में आए सभी कार्यकताओं का अभिवादन स्वीकार कर उनको धन्यवाद दिया। और भाजपा सरकार की उपलब्धियों के बारे में अवगत कराया। इस दौरान डिबाई विधायक सीपी सिंह लोधी,पूर्व विधायक राम सिंह,डिबाई ब्लॉक प्रमुख पति अनार सिंह लोधी,डिबाई चेयरमैन अरूण कुमार सिंघल,भोला भईया एडवोकेट,राजवीर सिंह एडवोकेट,पवन लोधी(प्रधान)चन्द्र वीर सिंह लोधी,मयंक बार्ष्णेय,विकास वार्ष्णेय,चन्द्र प्रभा बार्ष्णेय,रवेन्द्र सिंह उर्फ डैनी,रूपेन्द्र कुमार लोधी,किताब सिंह यादव,वीरपाल सिंह लोधी,राहुल लोधी,सचिन अग्रवाल,आदि सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भड़काऊ भाषण देने वाले मौलाना को पाकिस्तान भेज देना चाहिए: पंडित दिनेश फलाहारी

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** अलीगढ़ में जमीयत उलेमा के महानगर अध्यक्ष मुक्ति अकबर काशमी ने हिंदुओं को लेकर विवादित बयान दिया है। मौलाना ने कहा है कि वक्फ बोर्ड संशोधन को तुरंत वापस ले लिया जाए नहीं तो 1947 वाला नरसंहार हो सकता है।

इस बयान के बाद हिंदुओं में रोष व्याप्त हो गया है और साधु संतों ने इसका विरोध किया है। श्री कृष्ण जन्मभूमि मंदिर का केस लड़ रहे और भोजन छोड़कर, नंगे पैर रहकर तपस्या कर रहे पंडित दिनेश फलाहारी ने कहा कि ऐसे मौलानाओ पर देशद्रोह की कार्रवाई होनी चाहिए और जो भी मौलाना भड़काऊ भाषण देते हैं उन लोगों पर कठोर कार्यवाही होनी चाहिये। उन्होंने कहा यह लोग हिंदुस्तान में खाते हैं, हिंदुस्तान में रहते हैं और भारत के विरोध में कार्य करते हैं, ऐसे लोगों का हिंदुस्तान में रहने का अधिकार नहीं है, इन लोगों ने सबसे ज्यादा राशन योजना, आवास योजना का लाभ उठाया और प्रधानमंत्री को ही गाली देते हैं, भारत सरकार जो भी योजना बनाती है वह धर्म देखकर नहीं बनाती है, वह सभी के लिए योजना बनाती है, लेकिन यह लोग योजनाओं का लाभ भी लेते हैं और सरकार को गाली देते हैं।

# आगरा कमिश्नरेट डायल 112 में तैनात हैड कांस्टेबल ने मथुरा में फांसी लगाई

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** आगरा कमिश्नरेट की डायल 112 में तैनात हेड कांस्टेबल ने थाना सदर बाजार के औरंगाबाद स्थित बल्देव पुरम कॉलोनी में किराए के घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सिपाही द्वारा आत्महत्या की सूचना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर इलाका पुलिस मौके पर पहुंच गई और घटना की जानकारी तत्काल मृतक के परिजनों को दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बीबी नगर जिला बुलंदशहर और हाल निवासी सदर बाजार क्षेत्र के औरंगाबाद बलदेव पुरम कॉलोनी निवासी 40 वर्षीय हेड कांस्टेबल राजवीर सिंह पुत्र संतराजा सिंह का शव घर के कमरे में फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला है। घर का दरवाजा न खुलने पर क्षेत्रीय लोगों ने इसकी सूचना इलाका पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची सदर पुलिस ने अंदर से दरवाजा बंद होने पर कोई अंदर से प्रतिक्रिया न मिलने पर दरवाजा को कड़ी मशक्कत के बाद खोल कर अंदर घुसने पर शव को लटका देख सभी के पैरों तले जमीन खिसक गई। घटना की सूचना तत्काल पुलिस ने मृतक की पत्नी और अन्य परिजनों को दी।

# पुलिस वालों की तैनाती में सकुशल संपन्न हुई जमे

वेलकम इंडिया



**हाथरस।** (जितेन्द्र कुमार) पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा व जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारियों द्वारा क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर एवं पर्याप्त पुलिस प्रबंधन के साथ तथा ड्रोन कैमरों के माध्यम से सतत निगरानी रखते हुए जुमे की नमाज को सकुशल सम्पन्न कराया गया । पुलिस अधीक्षक हाथरस द्वारा थाना हाथरस गेट क्षेत्र स्थित श्रीनगर मस्जिद व थाना कोतवाली स्थित मधुगढी मस्जिद का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा ड्युटी पर लगे पुलिस बल को चैक किया गया । इस दौरान उपजिलाधिकारी नीरज शर्मा ,क्षेत्राधिकारी नगर योगेंद्र कृष्ण नारायण , प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर,प्रभारी निरीक्षक थाना हाथरस गेट आदि अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे । जनपद में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत सभी क्षेत्राधिकारीगण के नेतृत्व में प्रत्येक थाना क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाले धार्मिक स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया । नमाज से पूर्व व नमाज के दौरान लगातार ड्रौन कैमरों के माध्यम से निगरानी की गई, जिससे किसी प्रकार की अप्रिय घटना होने से बचा जा सके । जनपद मे कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जुम्मे की नमाज सकुशल सम्पन्न करायी गई । पुलिस बल की पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था के बीच जनपद के सभी मस्जिदों पर स्थानीय लोगों द्वारा शान्ति से नमाज पढी गई । नमाज सकुशल सम्पन्न होने के उपरान्त पुलिस अधिकारियों द्वारा सभी से अपील की गई कि किसी के बहकावे में आकर कोई ऐसा कृत्य ना करे, जिससे जनपद में अमन चैन सांप्रदायिक सौहार्द प्रभावित हो । किसी भी प्रकार की अफवाह ना फैलायें, अफवाह फैलाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाएगी ।

# एएचटीयू ने कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत हो रहे नाबालिग का विवाह को रोका

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर,** थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत नीलेश्वर वार्ड में एक नाबालिग लड़की का विवाह 25 अप्रैल को होना तय हुआ था। मामले कि सूचना एएचटीयू प्रभारी मीना रावत को मिली। प्राप्त सूचना को उच्चाधिकारियों को सूचित करते हुए तस्दीक हेतु तत्काल आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रभारी एंटी ह्यूमन ट्रैफिक यूनिट उपनिरीक्षक मीना रावत मय वन स्टॉप सेंटर, चाइल्ड हेल्पलाइन टीम व थाना कोतवाली पुलिस टीम के साथ नाबालिक के घर पहुचें और जन्मतिथि के सम्बन्ध में दस्तावेज चैक किये तो लड़की की उम्र 17 वर्ष होना पाया गया। जिसका विवाह 25 अप्रैल को होना तय था। इस पर संयुक्त पुलिस /वन स्टॉप सेन्टर की टीम द्वारा लड़की के परिजनों की काउंसलिंग करायी गई एवं उन्हें बाल विवाह अधिनियम के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया। काउंसलिंग के बाद लड़की के परिजनों द्वारा कहा कि वह अपनी पुत्री का विवाह बालिग होने के उपरान्त ही करने, तथा वह कानून की जानकारी के अभाव में अपनी पुत्री का विवाह करने की बात कही गई।

# सीआईएसएफ ने निकाली ग्रेट इंडियन कोस्टल साइक्लोथॉन



वेलकम इंडिया

**मथुरा।** केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की साइक्लोथॉन को 7 मार्च 2025 को केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा राजदित्य चोल सीआईएसएफ क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र, तक्कोलम, रानीपेट जिला, तमिलनाडु से वर्चुअल रूप से झंडी दिखाकर शुरू किया गया था। इस चुनौतीपूर्ण यात्रा में 125 समर्पित सीआईएसएफ साइकिल चालक सहित 14 महिला बल सदस्यों ने भी भाग लिया। साइकिल चालकों ने कुल 6553 किमी की दूरी तय करते हुए 11 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों से होकर 25 दिनों में सफर तय किया। इस साइक्लोथॉन के दौरान 1200 से अधिक प्रतिभागियों ने विभिन्न चरणों में भाग लिया, जिससे इस पहल के प्रति देशवासियों का मजबूत समर्थन सामने आया। इस साइक्लोथॉन को सीआईएसएफ की तटीय क्षेत्रों में स्थित विभिन्न इकाइयों के बल सदस्यों के साथ-साथ अन्य राज्य और केंद्रीय सरकार की एजेंसियों से समर्थन और महत्वपूर्ण सहयोग मिला है। देश के प्रमुख तटीय शहरों और महत्त्वपूर्ण स्थलों, जैसे पारादीप पोर्ट, कोणार्क सूर्य मंदिर, गेटवे ऑफ इंडिया (मुंबई), विशाखापत्तनम, मैंगलोर, चेन्नई, कोचीन तथा पुडुचेरी में भव्य स्वागत और फ्लैगऑफ समारोह आयोजित किए गए, जिसने साइक्लोथॉन के संदेश को और अधिक प्रभावशाली और व्यापक रूप दिया। सीआईएसएफ यूनिट आईओसी मथुरा ने इस अभियान के साथ वर्चुअल माध्यम से जुड़कर ब्रजवासियों को अभियान का महत्व बताया। सीआईएसएफ यूनिट आईओसी मथुरा के इकाई प्रभारी डॉ. नीरज भारती उप-कमाण्डेंट ने कहा कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य स्थानीय निवासियों को ₹तट प्रहरी₹ उनके अमूल्य योगदान को मान्यता देना है एवं इस प्रयास का उद्देश्य तटीय समुदायों को सशक्त बनाना भी है।

## उप जिलाधिकारी सदर / ज्वाइंट मजिस्ट्रेट निशा ने तहसील सदर के अंतर्गत ग्राम भाई एवं अडूकी में स्वयं की गेहूं की कटाई



**मथुरा।** उप जिलाधिकारी सदर / ज्वाइंट मजिस्ट्रेट निशा ने तहसील सदर के अंतर्गत ग्राम भाई एवं अडूकी में क्रॉप कटिंग के कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। उप जिलाधिकारी सदर / ज्वाइंट मजिस्ट्रेट निशा ने स्वयं गेहूं की कटाई की तथा गेहूं को लाठी से कूटा। उप जिलाधिकारी सदर ने गेंहू की उपज के संबंध में किसान से जानकारी ली। उन्होंने गांव भाई एवं अडूकी में जाकर गेंहू की फसल का जायजा लिया। उप जिलाधिकारी सदर ने स्वयं जरीब के माध्यम से 10 मीटर का समबाहु त्रिभुजाकार प्लॉट निर्धारित करते हुए किसानों से अपने सामने कॉप कटिंग कराई तथा स्वयं क्रॉप कटिंग / गेहूं की कटिंग की। निरीक्षण करते समय उपस्थित किसानों से विभिन्न फसलों के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा बाजार में होने वाले घाटे व मुनाफे के बारे में किसानों से वार्ता भी की।

# एस.आर.एम.इंस्टीट्यूट में यू एच वी स्वयंसेवकों के सम्मेलन का शुभारम्भ



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, दिल्ली-एनसीआर कैंपस में 3-5 अप्रैल 2025 के दौरान यूएचवी स्वयंसेवकों के सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।इस प्रतिष्ठित आयोजन में शिक्षाविदों, शोधकताओं और विषय-विशेषज्ञों ने सहभागिता की। सम्मेलन का उद्देश्य उच्चतर मानवीय मूल्यों (यूएचवी) और शिक्षा में उनकी प्रासंगिकता को रेखांकित करना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ, जिसके उपरांत अतिथियों का औपचारिक स्वागत शॉल एवं गुलदस्ता भेंट कर किया गया।उद्घाटन सत्र की शुरूआत माननीय प्रो. धौम्या भट्ट (डीन, आईक्यूएसी) ने की, जिन्होंने अपने स्वागत भाषण में सम्मेलन की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए प्रतिभागियों का अभिवादन किया। इसके पश्चात राजुल अस्थाना (पूर्व निदेशक, आईआरसी-यूएचवीई ) ने ₹हम आज कहां खड़े हैं और सम्मेलन का उद्देश्य₹ विषय पर अपना विचार साझा किया। सम्मेलन के दौरान डॉ. रजनीश अरोड़ा (अध्यक्ष, एनसीसीआईपी) ने ₹नवीन संभावनाओं और दृष्टिकोण₹ पर सारगर्भित चर्चा की। एसआरएम आईएसटी, दिल्ली-एनसीआर कैंपस के डीन, प्रो. आर. पी. महापात्रा ने संस्थान में हो रहे नवाचारों पर प्रकाश डाला।इसके उपरांत, मुख्य अतिथि प्रो. टी. जी. सीताराम (अध्यक्ष, एआईसीटीई) ने मुख्य भाषण प्रस्तुत किया, जिसमें उन्होंने शिक्षा में मानवीय मूल्यों के एकीकरण की आवश्यकता एवं प्रभाव पर विचार व्यक्त किए।

सम्मेलन के प्रमुख आकर्षणों में नवीन (यूएचवी) संसाधनों का अनावरण तथा (यूएचवी) फाउंडेशन द्वारा संभावित नोडल केंद्रों - एस.आर.एम आई एस टी , अजय कुमार गर्ग इंजीनियरिंग कॉलेज गाजियाबाद, एआईसीटीई नई दिल्ली , भूटान इंस्टीट्यूट ऑफ वेलबीग और राज्य आनंद संस्थान,मध्य प्रदेश का सम्मान शामिल रहा। एसआरएम आईएसटी का सम्मान पत्र एसआरएमआईएसटी के कुलपति की ओर से डॉ. संजय विश्वनाथन निदेशक, एसआरएम आईएसटी दिल्ली-एनसीआर गाजियाबाद द्वारा प्राप्त किया गया। इसके अतिरिक्त, संकाय सदस्यों - राज्य आनंद संस्थान से डॉ. सत्य प्रकाश आर्य, डॉ. कुमार संभव, यूएचवी रिसोर्स पर्सन, डॉ. गोपाल बाबू, एकेजीईटी, प्रोफेसर, गणेश बागरिया, यूएचवी गतिविधियों के प्रमुख मार्गदर्शक ने भी अपने अनुभव साझा किए, जिससे कार्यक्रम को और अधिक प्रासंगिकता प्राप्त हुई।

सम्मेलन का समापन डॉ. अपराजिता( (यूएचवी) सेल की संसाधन व्यक्ति) के धन्यवाद ज्ञापन एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ। यह सम्मेलन शिक्षा प्रणाली में मानवीय मूल्यों के समावेश की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ, जिसे देशभर से आए 120 से अधिक प्रतिष्ठित प्रतिभागियों द्वारा अत्यंत सराहा गया। एसआरएमआईएसटी दिल्ली एनसीआर.निदेशक ,डॉ.एस. विश्वनाथन,डॉ. आर. पी. महापात्रा, डीन एस. आर. एम. आई.एस.टी,डॉ. नवीन अहलावत, डीन विज्ञान एवं मानविकी, डॉ. धौम्या भट्ट, डीन आई क्यू ए सी, डॉ. गीता भवानी, डीन रिसर्च के मार्गदर्शन से स्थानीय समन्वयक डॉ पल्लवी जैन, डॉ महेश गुप्ता, दधीश, मुदित,संजीव,ज्ञानेन्द्र,अंकित एवं सभी यूएचवी सेल सदस्यों और इवेंट मैनेजमेंट सदस्यों ने इस उत्कृष्ट कार्यक्रम का आयोजन किया।

## पूर्व प्रधानमंत्री के नाम पर बनी धर्मशाला का सौंदर्यीकरण कराए जाने को लिखा पत्र




वेलकम इंडिया

**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** पूर्व विधायक पंडित सुदेश शर्मा ने पालिका अध्यक्ष को एक पत्र लिखकर पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह के नाम पर बनी धर्मशाला के सौंदर्यीकरण कराए जाने तथा पूर्व की भांति संचालित किए जाने को को कहा है। जो काफी समय से बंद बताई गई है।पालिका के अध्यक्ष को लिखे पत्र में पूर्व विधायक सुदेश शर्मा ने कहा है कि बिशोखर रोड पर पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह के नाम पर धर्मशाला का उनके कार्यकाल में निर्माण कराया गया था।जिसका मुख्य उद्देश्य है कि गरीब/पिछड़े एवं सभी नगर वासियों के सुख दुख के कार्यक्रम इस धर्मशाला में हो सकें। लेकिन काफी समय से बंद होने के कारण उसका रखरखाव नहीं हो पाया है। जिसके कारण धर्मशाला की हालत ठीक नहीं है। पूर्व विधायक पंडित सुदेश शर्मा ने नगर पालिका परिषद अध्यक्ष विनोद वैशाली को पत्र लिख कर पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह के नाम पर बनी धर्मशाला के सौंदर्यीकरण करने एवं पूर्व की तरह संचालित करने को कहा है।

# आरकेजीआईटी में हुआ 'तत्व-25' एवं अलाकृति-25 का जोरदार आगाज

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद ( अनिल वशिष्ठ )।** राज कुमार गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी गाजियाबाद में दो दिवसीय टेक्निकल फेस्ट 'तत्व-25' का भव्य शुभारंभ हुआ। टेक्निकल फेस्ट 'तत्व-25' एवं मैनेजमेंट फेस्ट ह्यअलाकृति-25ह्ण की शुरूआत मुख्य अतिथि अक्षत गोयल वाइस चेयरमैन आरकेजी ग्रुप के द्वारा दीप प्रज्वलित के साथ की गई । मुख्य अतिथि एवं संस्थान के वाइस चेयरमैन अक्षत गोयल ने बताया कि संस्थान अपनी स्थापना के 25 वर्ष पूरे कर रहा है। इसलिए संस्थान इस वर्ष रजत जयंती मना रहा है। उन्होंने बताया कि इस भव्य सिल्वर जुबली समारोह के दौरान और भी कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए संस्थान के निदेशक डॉ. बी सी शर्मा ने दो दिवसीय तकनीकी उत्सव के दौरान आयोजित की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया। समूह के सलाहकार प्रो. लक्ष्मण प्रसाद और डीन छात्र कल्याण श्री एच. जी. गर्ग ने संकाय और अन्य कॉलेजों से आए छात्रों का स्वागत किया और उन्हें सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। छात्र गतिविधि परिषद के अध्यक्ष आलोक त्यागी ने प्रतिभागियों को सांस्कृतिक, साहित्यिक, शौक और खेल गतिविधियों, उनके नियमों और निर्णय प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ. डी. के. चौहान ने प्रेस-मीडिया से आए पत्रकारों का आभार व्यक्त किया। इस दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। सांस्कृतिक गतिविधियों में नृत्य, नुक्कड़ नाटक, एक्सटेम्पोर, रैंप वॉक, बैंड प्रदर्शन, गायन, स्किट, खेल गतिविधियों में बैडमिंटन, वॉलीबॉल, कबड्डी, शतरंज, टेबल टेनिस, रस्साकशी, बास्केटबॉल और खो-खो खेल, साहित्यिक गतिविधियों में स्क्रीमलेस (अंग्रेजी), अभिव्यक्ति (ओपन माइक), हिंदी कविता, अंग्रेजी कविता, एड मैड शो, वाद-विवाद (हिंदी), नारा लेखन, जैम, समूह चर्चा, केस स्टडी (पीपीटी), विश्व संसद, कोलाज मेकिंग गतिविधियां और शौक गतिविधियों में लैन गेमिंग, रोबो रिले, मेहंदी, 3डी रंगोली, फेस पेंटिंग, टी-शर्ट पेंटिंग, पोस्टर मेकिंग, स्केचिंग, फन जोन, वेब डिजाइनिंग, कोडिंग, सुरम्य, लाइन फॉलोवर शोडाउन, ब्रिज मेकिंग, रोडीज एक्सट्रीम, वॉल पेंटिंग का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया। फामेर्सी के स्टूडेंट्स द्वारा मुफ्त हेल्थ चेकअप कैंप भी लगाया गया जिसमे शुगर लेवल, बी एम आई व ब्लड ग्रुप आदि की जांच की गई।



साथ ही एमबीए विभाग के मैनेजमेंट फेस्ट ह्लअलाकृति-25₹ का भी आयोजन किया गया। यह उत्सव प्रबंधन से सम्बंधित चुनौतियों की छत्रछाया में नवाचार, रणनीतिक सोच और टीम सहयोग का एक रोमांचक मिश्रण था। इस मैनेजमेंट फेस्ट में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे फेस पेंटिंग, नेल आर्ट, रंगोली ,कैप्चर मेनिया ,फूड विथाउट फायर इत्यादि आयोजित किये गए । टेक्निकल फेस्ट समारोह के प्रथम दिन डॉ मोनिका सचदेवा (प्रिंसिपल फामेर्सी), डॉ. विभूति (एच ओ डी, एम्बी ए), सभी डीन, विभिन्न विभागों के प्रमुख, सभी फैकल्टी, स्टाफ और छात्र उपस्थित रहे।

## मेवाड़ में ड्राफ्टिंग और प्लीडिंग विषय पर कार्यशाला आयोजित

**गाजियाबाद।** वसुंधरा स्थित मेवाड़ लॉ इंस्टीट्यूट में ड्राफ्टिंग और प्लीडिंग विषय पर आयोजित कार्यशाला में सिविल कानूनी ड्राफ्टिंग, आपराधिक प्लीडिंग, उन्नत ड्राफ्टिंग तकनीक और क्लाइंट काउंसलिंग के साथ ई-फाइलिंग को कवर करने वाली महत्वपूर्ण जानकारियां विद्यार्थियों को दी गईं। कार्यक्रम की शुरूआत मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की निदेशक प्रो. (डॉ.) अलका अग्रवाल और मेवाड़ लॉ इंस्टीट्यूट के प्रिंसिपल प्रो. (डॉ.) अटल द्वारा पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ एक उद्घाटन सत्र से हुई। चार प्रतिष्ठित कानूनी विशेषज्ञों एडवोकेट आर.सी. अग्रवाल, एडवोकेट प्रदीप कुमार यादव, एडवोकेट अशोक बाबू और एडवोकेट कार्तिक अग्रवाल ने विषय संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां विद्यार्थियों से साझा कीं।

# खेल,शिक्षा, संस्कार व स्वच्छता के क्षेत्र में नंबर वन है छाया स्कूल: विनोद वैशाली

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा नगरीय निकाय में विभिन्न व्यवस्थाओं की प्रभावी मॉनिटरिंग हेतु स्थापित डेडीकेटेड कमांड कंट्रोल सेंटर के 3 वर्ष पूर्ण होने पर नगर पालिका मोदीनगर सभागार में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मोदीनगर छाया पब्लिक स्कूल को मोदीनगर क्षेत्र के सर्वश्रेष्ठ स्कूल के पुरस्कार से नवाजा गया। यह पुरस्कार अधिशासी अधिकारी नरेंद्र मोहन मिश्र व नगर पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली के द्वारा स्कूल के प्रधानाचार्य



निदेशक डॉ.अरुण त्यागी को प्रशस्ति पत्र व सम्मान प्रतीक देकर सम्मानित किया गया।

इस मौके पर पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली ने कहा की छाया पब्लिक स्कूल हमारे शहर का एक ऐसा विद्यालय है। जिसने खेल, शिक्षा व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में देश ही नहीं विदेश में भी मोदीनगर का नाम रोशन किया है। मोदीनगर की जनता इस उपलब्धि पर गर्व महसूस करती है। उन्होंने कहा कि आज पालिका द्वारा छाया पब्लिक स्कूल को सर्वश्रेष्ठ स्कूल घोषित करते हुए हमें अपार खुशी का अनुभव हो रहा है और हम उम्मीद करते हैं की विद्यालय ऐसे ही शहर का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऐसे ही रोशन करता रहे। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी नरेंद्र मोहन मिश्र आर.आई.अंकित चौधरी सभासद प्रदीप शर्मा शिवानी कुंडू आदि गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामय उपस्थिति रही।

# यूनिवर्सल एकेडमी में नए सत्र में किया गया बच्चों का स्वागत

वेलकम इंडिया

**बिजनौर :** यूनिवर्सल एकेडमी में नए सत्र पर बच्चों का तिलक लगाकर फिर से स्वागत किया गया और कक्षा अध्यापिकाओं द्वारा बच्चों को वेलकम टैग लगाए गए और बच्चों के लिए इस दिन को खास बनाने के लिए अनेक प्रकार के गेम भी कराए गए। विद्यार्थियों के आगमन की चहल-पहल से विद्यालय प्रांगण झूम उठा। विद्यालय की



उप प्रधानाचार्या खुशबू कर्णवाल ने बच्चों का स्वागत करते हुए मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ अनुज त्यागी जी ने बच्चों का स्वागत करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



## उच्च प्राथमिक विद्यालय का वार्षिक परीक्षा फल घोषित

**चांदपुर :** उच्च प्राथमिक विद्यालय कमालपुर काजी धनौरा में छात्र–छात्राओं का परीक्षा फल वितरित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व पालिका चेयरमैन राजेश सैनी रहे। मुख्य अतिथि पूर्व पालिका चेयरमैन राजेश सैनी द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभांरभ किया गया। छात्राओ द्वारा स्वागत गीत एवं वंदना प्रस्तुत की गयी मुख्य अतिथि राजेश सैनी द्वारा कक्षा एक से आठ तक प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। कक्षा 8 में खुशी, कक्षा 7 में गुड़िया कक्षा 6 में शिव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रधानाध्यापिका कंचन अग्रवाल द्वारा अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। इस मौके पर रंजन, रोशनी खान, वर्षा तोमर, राजेश्वरी, हमदुर्रहमान एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# मनोवैज्ञानिक समस्याओं एवं करियर कार्यक्रम का आयोजन

वेलकम इंडिया

**चांदपुर :** गुलाब सिंह हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय चांदपुर-स्याऊ, में मेंटरिंग एवं मनोवैज्ञानिक परामर्श समिति के तत्वाधान में मनोवैज्ञानिक समस्याओं एवं करियर के विषय में मार्गदर्शन हेतु एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में एकेडमिक डायरेक्टर प्रोफेसर अनिल कुमार वर्मा ने छात्र-छात्राओं से मेंटरिंग एवं करियर काउंसलिंग के विषय में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय के अनुभवी एवं कर्मठ



शिक्षक व शिक्षिकाएं आपकी सहायता के लिए सदैव तत्पर है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को बताया कि महाविद्यालय में प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मार्गदर्शन कक्षाएं एवं इंग्लिश स्पीकिंग क्लास चलाई जा रही है। मनोवैज्ञानिक परामर्श पर प्रोफेसर अशोक कुमार ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि मनोवैज्ञानिक विकारों की शुरूआत भय से होती है फिर वह चिंता, ईर्ष्या, क्रोध और अंत में डिप्रेशन में बदल जाती है। उन्होंने कहा कि 90% मानसिक परेशानियां हमारी नकारात्मक सोच से उत्पन्न होती है जो बाद में शारीरिक बीमारियों और डिप्रेशन को जन्म देती है। अच्छी और सकारात्मक सोच के द्वारा हम मानसिक बीमारियों को कम कर सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम की संयोजिका डॉ अखिलेश ने सभी को धन्यवाद ज्ञापन किया।

## महामाया देवी मेले में श्रद्धालुजनों की उमड़ी भीड़

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** महामाया देवी मेले में नवरात्र की सप्तमी के दिन देवी मां के मंदिर में प्रसाद चढ़ाने के लिए श्रद्धालु जनों की भारी भीड़ उमड रही है। पुलिस- प्रशासन एवम पालिका के अधिकारी एवं कर्मचारी मेले की सुव्यवस्था बनाए रखने में जुटे हुए हैं। मोदीनगर के निकट ग्राम सीकरी खुर्द का लगभग पांच सौ वर्ष प्राचीन धार्मिक महामाया देवी मन्दिर आज भी भक्ति व शक्ति तथा अटूट श्रद्धा व विश्वास का प्रतीक है। जहां प्रति वर्ष नवरात्रों में उत्तर भारत का सुप्रसिद्ध धार्मिक देवी मेला लगता है। यहां दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, पंजाब उत्तराखण्ड व उप्र के दूर दराज क्षेत्रों से लाखों श्रद्धालु दर्शनार्थी पहुंचकर प्रसाद स्वरूप नारियल, चुनरी व इलायची दाना चढाकर सुख समृद्धि व सम्पन्नता की मन्नते मांगते है। उक्त पौराणिक महामाया देवी मन्दिर की ऐसी मान्यता बतायी है कि यहां आने वाले श्रद्धालु भक्तों की हर मुराद पूरी हो जाती है। प्रचलित मान्यता के अनुसार गांव के आलम गिरि नामक एक माता के भक्त को सपनो में माता महामाया देवी ने मन्दिर बनाने का वचन लिया था। लगभग 500 वर्ष पूर्व उन्होंने यहां महामाया देवी के मन्दिर की स्थापना की उसके बाद में उनके वंशज इस मन्दिर की देखभाल करते रहे। महामाया



देवी मंदिर में नवरात्र की छठ, सप्तमी अष्टमी व नवमी में देवी मेले में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ रहती है। मेले की व्यवस्था का निरीक्षण करने के लिए जिला अधिकारी, पुलिस कमिश्नर, डीसीपी मेले में आ चुके हैं और अपने अधीनस्थ अधिकारियों को मेले की सुव्यवस्था बनाए रखने के आदेश दिए हैं। मेले की सुव्यवस्था बनी रहे इसके लिए पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली जाटव, एसडीएम डॉ पूजा गुप्ता, एसीपी ज्ञान प्रकाश राय, पालिका के अधिशासी अधिकारी नरेंद्र मोहन मिश्र कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रशांत त्यागी सहित अन्य अधिकारी लगे हुए हैं। डोन कैमरो के द्वारा भी मंदिर परिसर के अलावा मेले की व्यवस्था की निगरानी की जा रही है। मेले में आने जाने वाले सभी रास्तों पर यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है।

# धामपुर शुगर मिल द्वारा कृषक गोष्ठी का आयोजन

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**बिजनौर :** धामपुर शुगर मिल के क्षेत्र नहटोर में जय फार्म हाउस में ग्रीन टीवी, धानुका एग्रीटेक ,न्यू हॉलैंड ट्रैक्टर व धामपुर मिल के सहयोग से एक विशाल किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया।

जिसका उद्घघाटन धामपुर शुगर मिल के प्रबंध निदेशक (एमडी) कुवंर गौरव गोयल व जिला गन्ना अधिकारी बिजनौर पी एन सिंह द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। सर्वप्रथम गन्ने की ट्रेंच विधि व रिंग पिट विधि से गन्ने की बुवाई, गन्ना बीज उपचार व ट्राइकोडर्मा कलचर तैयार करना आदि के डेमो का अवलोकन किया गया। धामपुर शुगर मिल के एमडी गौरव गोयल ने किसानों को उक्त विधि से गन्ना खेती करने के लिए प्रेरित किया जिसमें सभी किसानों को बताया गया कि ट्राइकोडर्मा का कलचर तैयार कर सभी खेतों में इसका उपयोग अवश्य करें। ट्रेंच विधि से गन्ने की बुवाई करें सभी प्रजातियों का स्वस्थ गन्ना बीज चयन कर बीज उपचार करके ही गन्ने की बुवाई करें। इसके उपरांत किसानों को कृषि यंत्र वितरण किए गए जिसमें ट्रैक्टर से चालित पावर स्प्रेयर विपिन कुमार गांव सदरूद्दीन नगर को धामपुर शुगर मिल के एमडी गौरव गोयल द्वारा दिया गया। एक पावर वीडर किसान आशीष कुमार गांव भगवान वाला को जिला गन्ना अधिकारी द्वारा एक रैटून मैनेजर संयुक्त प्रबंध निदेशक ईशान गोयल द्वारा किसान राजकुमार सिंह को शुगर मिल के सी ओ अक्षत कपूर द्वारा, पेट्रोल से चालित स्प्रे मशीन किसान सुनील कुमार गांव नरेना को उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता द्वारा ,एक लाइट ट्रैप, किसान नितिन कुमार गांव भीमपुरा को जी एम केन, ओमवीर सिंह द्वारा एक लाइट ट्रैप वीरेंद्र सिंह गांव बालापुर को जयेस्ट गन्ना विकास निरीक्षक अमित पांडे द्वारा, एक लाइट ट्रैप करण अग्रवाल द्वारा वितरण किया



गया। इसके उपरांत धानुका एग्रीटेक द्वारा लगाए गए स्टॉल पर गन्ने की खरपतवार नाशक दवाइयां जैसे सैम्परा, व टाइजोम का भी प्रदर्शन किया गया। जिसमें कंपनी के प्रबंधको द्वारा विस्तार से उसके प्रयोग करने की विधि बताई गई। इसके उपरांत न्यू हॉलैंड कंपनी के विभिन्न हॉर्स पावर के ट्रैक्टर का अवलोकन किया गया। इसके उपरांत कृषक गोष्ठी का संचालन ग्रीन टीवी इंडिया की कंटेंट हेड स्मिथा सिंह द्वारा किया गया। जिसमें सर्वप्रथम सरस्वती के मां के समक्ष दीप प्रज्वलित कर मुख्य अतिथियों का पौधे देकर सम्मानित किया गया। धामपुर शुगर मिल लिमिटेड धामपुर के एमडी गौरव गोयल व संयुक्त प्रबंध निदेशक ईशान गोयल ने कृषकों को संबोधित किया जिसमें उन्होंने बताया कि धामपुर मिल किसानो की चीनी मिल है यह 95 वर्षों से इस क्षेत्र के किसानों को समर्पित है हमारे कष्ट के समय में भी किसानों ने इस चीनी मिल का बहुत साथ दिया था आज किसान और चीनी मिल दोनों संकट में है लेकिन घबराने की कोई बात नहीं है हम आपके साथ खड़े हैं किसान और चीनी मिल दोनों मिलकर अच्छे से कार्य करेंगे नई-नई तकनीकी को इस्तेमाल करके फिर से वही रिकॉर्ड बनाएंगे जो 2 साल पहले 265 लाख कुंतल गन्ना क्रश कर के एशिया में आपकी चीनी मिल प्रथम स्थान पर रही थी। जिससे चीनी मिल व किसान दोनों को लाभ होगा अंत में चीनी मिल के उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता ने कहा कि आप लोगों की मेहनत से ही आपकी चीनी मिल इस समय चल रही है और अभी भी 10 से 15 दिन तक चलेगी इसके लिए सभी किसान भाई धन्यवाद के पात्र हैं हम चाहते हैं कि आप और हम मिलकर जो 2 वर्ष पहले पूरे एशिया का गन्ना क्रेसिंग का हमने रिकॉर्ड बनाया था दोबारा से फिर उसे रिकॉर्ड को कायम करें सभी किसान भाई जितना ध्यान पौधे गन्ने में देते हैं उतना ही ध्यान पैड़ी प्रबंधन में भी दें। इसी मौके पर क्षेत्र के 25 प्रगतिशील किसानों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। अंत में महा प्रबंधक ओमवीर सिंह द्वारा सभी किसानों, विभाग के कर्मचारी व अधिकारी, पत्रकार बंधुओ आदि का धन्यवाद देकर आभार व्यक्त किया। इस मौके पर विभिन्न किसान संगठनों के पदाधिकारी, धामपुर शुगर मिल के डेवलपमेंट हेड करुण अग्रवाल, प्रबंधक मनोज चौहान, सुरेंद्र सिंह, आजेंद्र सिंह, ,लाल बहादुर सिंह, ,ओम प्रकाश सिंह, राजेश यादव, मेघा अधिकारी व अन्य फील्ड स्टाफ ने गोष्ठी में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

## जन सहयोग से शहर में किया जा रहा हैं बेहतर कार्य : नगर आयुक्त

# डेडीकेटेड कंट्रोल कमांड सेंटर के सफल संचालन के लिए नगर निगम को लखनऊ में किया सम्मानित

वेलकम इंडिया





**गाजियाबाद।** डेडीकेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर के 3 वर्ष पूर्ण होने पर उत्तर प्रदेश के सभी नगर निकायों मे सम्मान समारोह आयोजित किए गए। जिसके क्रम में गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय पर भी शुक्रवार को कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें शहर में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को महापौर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। जिसमें न केवल सफाई मित्रों को नगर निगम द्वारा सम्मानित किया गया, बल्कि शहर वासियों में से भी बेहतर शहर हित में कार्य करने वालों को निगम द्वारा सम्मानित किया गया। नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि गाजियाबाद नगर निगम में डेडीकेटेड कमांड कंट्रोल सेंटर को आज 3 वर्ष पूर्ण हुए हैं जिसमें प्रतिदिन प्रात 4 बजे से ऑनलाइन साफ-सफाई की व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा मॉनिटरिंग करने का कार्य प्रारंभ हो जाता है। जिसकी टीम को आज सम्मानित किया गया इसके अलावा शहर में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को भी सम्मानित करते हुए मोमेंटो भेंट किए गए उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई मित्र, स्कूल समाजसेवी जो सफाई व्यवस्था को बेहतर करने में निगम का सहयोग करते हैं। उनको सम्मानित किया गया इसके अलावा हम कंपोस्टिंग व अन्य योजनाओं को सफल बनाने के कार्य करने वालों को भी सम्मानित किया गया। अंतिम चौधरी प्रिंसिपल बी गर्ल्स स्कूल, जयंत आनंद वार्ड संख्या 69 लोहिया नगर के निवासी, रमा त्यागी आर्य नगर कोटगांव, विजेंद्र कुमार संजय नगर रमिता ग्रीन फील्ड स्कूल, निधि गोद जीकेजी इंटरनेशनल स्कूल, योगेश कुमार ऑपरेटर को सम्मानित किया गया। महापौर सुनीता दयाल ने बताया गया कि नगर निगम मुख्यालय में आयोजित डेडीकेटेड कमांड कंट्रोल सेंटर के माध्यम से जन समस्याओं के समाधान में भी बेहतर कार्य निगम अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है। इसके अलावा गाजियाबाद नगर निगम को लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित भी किया जा रहा है। जिसके प्रशस्ति पत्र लेने के लिए अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार द्वारा कार्यक्रम में भाग लिया गया है। जो कि शहर के लिए गर्व का विषय है। आयोजित कार्यक्रम में महापौर और नगर आयुक्त द्वारा सभी उपस्थित जनों को आगे भी इसी प्रकार शहर हित में कार्य करने के लिए मोटिवेट किया गया। अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार द्वारा बताया गया कि नगर निगम अंतर्गत चल रहे डेडीकेटेड कमांड कंट्रोल सेंटर के तीन वर्ष सफलतापूर्वक संपन्न होने पर गाजियाबाद नगर निगम को मंत्री नगर विकास द्वारा सम्मानित किया गया। साथ ही गाजियाबाद नगर निगम में जन सहयोग से किया जा रहे कार्यों की सराहना भी की गई।

## पोक्सो एक्ट 2012 पर सफल जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

**गाजियाबाद।** बाल कल्याण समिति, समाधान अभियान संस्था, और इंडिया पेस्टिसाइल लिमिटेड कंपनी के संयुक्त तत्वावधान में चुप्पी तोड़ हल्ला बोल परियोजना के अंतर्गत बाल मित्र केंद्र साहिबाबाद के माध्यम से शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांग निवारण सप्ताह के अवसर पर आईएमई कॉलेज के सहयोग से एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य जिले के विशिष्ट क्षमतावान व्यक्तियों को यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (पोक्सो एक्ट) 2012 की व्यापक जानकारी देना और उन्हें बाल यौन शोषण से बचाव के कारगर उपायों से परिचित कराना था। इस कार्यक्रम में बाल कल्याण समीति के अध्यक्ष जीपी भद्रदास उपस्थिति रहे और इस महत्वपूर्ण पहल के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया। अध्यक्ष ने उपस्थित प्रतिभागियों को किशोर न्याय (बच्चों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम (जेजे एक्ट) के मुख्य प्रावधानों से अवगत कराया। वहीं, समाधान अभियान संस्था की अर्चना अग्निहोत्री ने बाल यौन शोषण के विविध आयामों और उससे बचाव की रणनीतियों पर प्रभावशाली ढंग से प्रकाश डाला, जिससे कार्यशाला में उपस्थित विशिष्ट क्षमतावान व्यक्ति विशेष रूप से लाभान्वित हुए।

## दहेज की मांग के लिए वर्षों तक महिला का किया उत्पीड़न

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम में दहेज लोभियों ने दो बेटियों की मां का वर्षों से उत्पीड़न किया। निरंतर प्रताड़ना से त्रस्त महिला ने 6 ससुरालियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज करा दिया है।

शक्ति खंड निवासी ज्योति गहलोत पत्नी अभिषेक चौहान ने इंदिरापुरम थाने में दी तहरीर में कहा कि वर्तमान में दो बेटियों शिल्पी चौहान और रिद्धि चौहान के साथ रह रही हूं। मेरी शादी अभिषेक अभिषेक चौहान पुत्र स्वर्गीय सुरेश कुमार के साथ 13 जुलाई 2013 को हिंदू अधिकारों और धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार बिजनौर से हुई थी। शादी के दौरान मेरे पति, सास और ननद ने लालची तरीके से मेरी मां से एक शानदार बैंक्वेट हाल शादी के लिए बुक करने का आग्रह किया और एसयूवी कार की मांग की। दिनांक 12 जून 2013 को 6.30,061/- (छह लाख बत्तीस हजार इकसठ रुपये मात्र) की व्यवस्था की और उन्होंने बाद में उस नकद राशि से होंडा अमेज कार खरीदी। इसके अलावा हैसियत से अधिक लाखों रुपए के गहने व अन्य सामान्य भी दिए। शादी के बाद से ही दहेज की अतिरिक्त मांग की जाने लगी। पति समेत सभी घर वाले शारीरिक उत्पीड ? करने लगे। वर्ष 2015 की गर्मियों में अपने बच्चे को जन्म देने के बाद, जब मैं अपने पैतृक घर श्रीगंगानगर गई थी, तब दिल्ली लौटते समय हम प्लेटफार्म पर ट्रेन का इंतजार कर रहे थे क्योंकि ट्रेन का समय देरी से चल रहा था जैसा कि रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर लगे स्पीकरों और साइन बोर्डों पर घोषित सूचना के अनुसार था।

## महर्षि कश्यप जयंती पर आज महाकुंभ का भव्य आयोजन

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** घंटाघर रामलीला मैदान में आज यानि शनिवार को महर्षि कश्यप जयंती के अवसर पर एक भव्य महाकुंभ समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का आयोजन उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री एवं ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप के नेतृत्व में किया जा रहा है।

इस विशाल आयोजन में उत्तर प्रदेश समेत हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश सहित सात राज्यों के कश्यप निषाद समाज के पदाधिकारी और संगठन के लोग भाग लेंगे। इस समारोह को भव्य बनाने के लिए तैयारियां जोरों पर हैं। आयोजन समिति के अनुसार, घंटाघर रामलीला मैदान में एक विशाल पंडाल लगाया गया है, जिसमें हजारों लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है। गर्मी को ध्यान में रखते हुए विशेष प्रबंध किए गए हैं, और सभी आगंतुकों के लिए जलपान की भी व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं की देखरेख कर रहे सौरभ जायसवाल ने बताया कि यह आयोजन समाज के लोगों को एकजुट करने और महर्षि कश्यप के विचारों को फैलाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। इस भव्य आयोजन में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सहित कई अन्य गणमान्य अतिथियों और गाजियाबाद के जनप्रतिनिधियों के शामिल होने की संभावना है। कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 12 बजे होगा और यह शाम तक चलेगा। कार्यक्रम के आयोजक नरेंद्र कश्यप ने बताया कि वह पिछले कई दशकों से महर्षि कश्यप जयंती पर इस महाकुंभ का आयोजन कर रहे हैं। उन्होंने कहा, इस कार्यक्रम का उद्देश्य सिर्फ महर्षि कश्यप जी को याद करना नहीं, बल्कि उनके बताए गए मार्ग और सिद्धांतों को जीवन में अपनाना भी है। समाज को संगठित करने और उनकी उन्नति के लिए यह एक महत्वपूर्ण अवसर है। हम इस आयोजन में शामिल होने वाले प्रत्येक पदाधिकारी और कार्यकर्ता का गर्मजोशी से स्वागत करेंगे। गाजियाबाद में आयोजित हो रहे इस महाकुंभ में हजारों लोगों के भाग लेने की उम्मीद है, जिससे यह आयोजन ऐतिहासिक रूप से सफल साबित होने वाला है।

## 4 दिन से लापता युवक का टंकी में मिला शव

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** पिछले 4 दिन से लापता 27 साल के एक युवक का शव अचानक घर के पास ही बने एक पानी के प्लांट की टंकी से बरामद हुआ। लापता युवक का शव पानी की टंकी में होने की सूचना से इलाके में सनसनी फैल गई।

टंकी को तोड़कर पुलिस ने शव को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस का कहना है कि फिलहाल युवक के शरीर पर कोई जाहिरा चोट नहीं मिली है, लिहाजा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही साफ होगा कि उसकी मौत की वजह क्या है ? लेकिन पानी की टंकी में युवक की लाश कैसे और किसने पहुंचाई इस सवाल को लेकर इलाके में चर्चाएं हैं। लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र के उत्तरांचल विहार सोसायटी कॉलोनी में रहने वाले ओमवीर सिंह का 27 साल का बेटा सत्यम उर्फ पिंटू लापता था। उसका शव शुक्रवार की सुबह घर से कुछ दूरी पर पानी के प्लांट की टंकी के अंदर मिला। सत्यम 31 तारीख की रात से लापता था। सूचना पाकर परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को पानी की टंकी तोड़कर बाहर निकाला। सत्यम उ$र्फ पिंटू सी 165 उत्तरांचल विहार सोसायटी बेहटा हाजीपुर में रहता था। पुलिस के मुताबिक सत्यम 31 मार्च रात 10 बजे घर से लापता हो गया था। शुक्रवार सुबह सत्यम का शव घर से कुछ दूरी पर पानी के प्लाट की पानी की टंकी के अंदर मिला। परिजनों ने हत्या कर शव पानी की टंकी के अंदर छुपाने की बात कही है।

## शहर में हरियाली बढ़ाने के लिए का प्रयास



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** जीडीए उपाध्यक्ष द्वारा शहर में दिन प्रतिदिन जनसंख्या घनत्व बढने, शहर के मध्य से अन्तर्जनपदीय एवं अंतरराज्यीय वाहनों/ट्रेनों के आवागमन से वातावरण दूषित होता है। जिसके लिए शहर को प्रदूषण मुक्त रखने के लिये विशेष प्रयास किये जाने के निर्देश दिए गए है।

इस क्रम में प्राधिकरण द्वारा पर्यावरण सुधार कार्यक्रम के अंतर्गत प्रति वर्ष वृहद वृक्षारोपण का कार्यक्रम संचालित किया जाता है। इसके अतिरिक्त शहर में अधिक से अधिक हरियाली विकसित करने के लिए नए पार्कों का विकास एवं पूर्व विकसित पार्कों का सुदृढीकरण एवं समुचित रख-रखाव प्राधिकरण द्वारा किया जा रहा है। पर्यावरण संरक्षण एवं संतुलन की दृष्टि से मधुबन-बापूधाम योजना के डी-ब्लॉक में 03 पार्क एवं बी-ब्लॉक में 5 पार्क कुल 8 पार्को (क्षेत्रफल 25000 वर्ग मीटर) का उद्यानिक विकास, प्राधिकरण द्वारा किया जा रहा है। पार्कों को जन उपयोगी व आकर्षक बनाने के लिए लैंडस्केपिंग, सिचाई के लिए स्प्रिंकलर सिस्टम, बच्चों के खेल-कूद के लिए झूले, अल्प विश्राम के लिए गार्डन बैन्च व डस्टबिन की स्थापना की जायेगी। पार्कों में भ्रमण एवं स्वास्थ्य लाभ के लिए कच्चे पाथ निर्मित किए जा रहें है।

> सभी पार्को में फलदार, छायादार एवं शोभाकार पौधों जैसे–आम, जामुन, शहतूत, कदम, अमलतास, कचनार, चॉदनी, टिकोमा, गुडहल, फाईक्स बैन्जामिना आदि पौंधो का रोपण किया जायेगा। इसके अतिरिक्त उपाध्यक्ष द्वारा ग्रीष्म ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए निर्देशित किया गया कि सभी पार्को, सैन्ट्रलवर्ज, ग्रीनवर्ज आदि पर नियमित रूप से आवश्यकतानुसार वाटरिंग आदि की व्यवस्था किया जाना सुनिश्चित किया जाये।

## गाजियाबाद देश में तीसरा सबसे प्रदूषित शहर

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** प्रदूषण का स्तर लगातार परेशान कर रहा है। शुक्रवार को गाजियाबाद देश में तीसरा सबसे प्रदूषित शहर रहा। गाजियाबाद का एक्यूआई 252 था, जबकि बनीर्हाट (296) पहले और सिलीगुड़ी (257) दूसरे स्थान पर रहा। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि शनिवार से हीट वेव का सामना करना पड़ सकता है। तेज धूप और बढ़ते तापमान के बीच प्रदूषण का स्तर इस कदर बढ़ रहा है कि हालात चिंताजनक बने हुए हैं। लोनी की स्थिति में सुधार नहीं हो रहा, जबकि संजय नगर में भी प्रदूषण का स्तर बढ़ा हुआ है। शुक्रवार को इंदिरापुरम और वसुंधरा की वायु गुणवत्ता प्रदूषण की श्रेणी से बाहर रही। हालांकि इसका खास असर नहीं हुआ। वहीं, तापमान भी लगातार बढ़ रहा है। शुक्रवार को न्यूनतम तापमान करीब दो डिग्री बढ़कर 20.6 डिग्री हो गया।

## तमंचे के साथ फोटो वायरल करने वाला युवक गिरफ्तार

वेलकम इंडिया

■ कब्जे से एक तमंचा और कारतूस बरामद हुआ है।

**गाजियाबाद।** अंकुर विहार थाना पुलिस ने वीरवार शाम अल्वी नगर पुलिया से चेकिंग के दौरान सोशल मीडिया पर तमंचे के साथ फोटो वायरल करने वाले युवक को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से एक तमंचा और कारतूस बरामद हुआ है। एसीपी अंकुर विहार अजय कुमार ने बताया कि कुछ दिनों पूर्व एक युवक और उसके साथियों ने तमंचे के साथ फोटो खींचकर सोशल मीडिया पर वायरल किए थे। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कर तलाश में जुटी थी। वीरवार शाम पुलिस ने अल्वी नगर पुलिया के पास से आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक तमंचा व कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम फैजान निवासी अल्वी नगर बताया। उसने बताया कि तमंचा कालोनी में रहने वाले दोस्तों तैयब व जुबैर से लिया था। तीनों ने मोबाइल से फोटो खींचकर सोशल मीडिया पर वायरल किये थे। एसीपी ने बताया कि आरोपी के दो फरार साथियों की तलाश की जा रही है।

## सिद्धार्थ विहार में 10 से 24 अप्रैल तक लगेगा आधार कैंप

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** सिद्धार्थ विहार क्षेत्र के निवासियों के लिए एक अच्छी खबर है। लाइन पर क्षेत्र में 10 अप्रैल से 24 अप्रैल 2025 तक गौर इंटरनेशनल स्कूल में आधार कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस कैंप के माध्यम से स्थानीय लोग आधार कार्ड से संबंधित विभिन्न सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे।

यह पहल क्षेत्रवासियों के लिए सुविधाजनक और समय की बचत करने वाली साबित होगी। आधार कार्ड आज के समय में एक आवश्यक दस्तावेज बन चुका है, जो न केवल पहचान का प्रमाण है, बल्कि सरकारी योजनाओं, बैंकिंग सेवाओं और अन्य महत्वपूर्ण कार्यों के लिए भी जरूरी है। इस कैंप के आयोजन से उन लोगों को विशेष राहत मिलेगी, जिन्हें आधार कार्ड बनवाने, अपडेट करने या अन्य संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए दूर-दराज के केंद्रों पर जाना पड़ता था। कैंप के आयोजक राकेश गुप्ता बीजेपी राष्ट्रीय सह प्रभारी ओबीसी मोर्चा ने बताया कि यह मैगा कैंप 10 अप्रैल से शुरू होकर 24 अप्रैल तक चलेगा। इस दौरान स्थानीय निवासी अपनी सुविधा के अनुसार समय निकालकर कैंप में पहुंच सकते हैं। यह सुविधा विशेष रूप से सिद्धार्थ विहार के निवासियों के लिए शुरू की जा रही है, ताकि उन्हें अपने नजदीक ही यह सेवा मिल सके। कैंप में आधार कार्ड बनवाने, उसमें सुधार करने या अन्य तकनीकी सहायता लेने की सुविधा उपलब्ध होगी। स्थानीय प्रशासन और संबंधित अधिकारियों से अपील की गई है कि इस कैंप के बारे में अधिक से अधिक लोगों तक जानकारी पहुंचाई जाए, ताकि कोई भी इस अवसर से वंचित न रहे।

## आईटीएस मोहन नगर में यंग टैलेंट हंट-2025 का आयोजन

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** मोहन नगर स्थित आईटीएस में अन्य वर्षों की भांति इस वर्ष भी शुक्रवार को यंग टैलेंट हंट - 2025 प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजन का शुभारम्भ संस्थान स्थित द्रोणाचार्य ऑडिटोरियम में मुख्य अतिथि सुरेश कुमार सिंह, (सेवा निवृत आईएएस), निदेशक जी.डी.एल.एम लिमिटेड, ग्रेटर नोएडा, आईटीएस गाजियाबाद के निदेशक डॉ वीएन बाजपेई, आईटीएस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के निदेशक डॉ अजय कुमार, कोर्डिनेटर डॉ पुनीत कुमार एवं प्रो पारुल गुप्ता द्वारा परंपरागत दीप प्रज्वलन के साथ सम्पन्न किया गया। ग्रैंड फिनाले यंग टैलेंट हंट के उद्घाटन अवसर पर डॉ वीएन बाजपेई ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और अपने उद्बोधन में इस कार्यक्रम के महत्व व आवश्यकता पर प्रकाश डाला। सभी प्रतिभागियों, उनके अविभावको, शिक्षको एवं छात्रों का स्वागत किया। डॉ पुनीत कुमार ने कार्यक्रम के प्रमुख उद्देश्य एवं रूप रेखा पर प्रकाश डाला। इस फिनाले की शुरूआत सन 2013 से की गयी तथा हरेक साल अनवरत रूप से आईटीएस मोहन नगर द्वारा इसका आयोजन किया जाता तथा है। इस प्रतियोगिता में दिल्ली एनसीआर एवं उत्तर प्रदेश के 55 शिक्षण संस्थानों से 175 (एक सौ पचहत्तर) प्रतिभागियों ने भाग लिया। गौरतलब है कि ये सारे छात्र प्रारंभिक चयन प्रक्रिया के बाद ग्रैंड फिनाले के लिए चयनित किये गए थे। जिसमे कुल प्रतिभागियों की संख्या 3200 (बत्तीस सौ) थी। इस अवसर पर आईटीएस- द एजुकेशन ग्रुप के चैयरमैन डॉ आरपी चड्ढा ने इस प्रकार के आयोजन पर अपनी प्रसन्नता जाहिर की एवं आयोजको को इसकी सफलता पर बधाई दी। वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने सभी प्रतिभागियों के उज्वल भविष्य की कामना की एवं उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की।